बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

संस्कार उजाला SANSKAR UJALA www.sanskarujala.com सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 146 | मंगलवार 17 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## अचानक ही नीतीश कुमार की पार्टी ने बुला ली नेताओं की बड़ी बैठक, क्या बिहार में कुछ बड़ा होने वाला है?

**पटना (एजेंसी)।** अगले साल बिहार में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही कारण है कि आज पार्टी की बड़ी बैठक हुई है। इस बैठक के बाद जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा ने कहा कि आज की बैठक नए मंडल अध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों के साथ थी जिनकी नियुक्ति की गई है। यह उन सभी से खास तौर पर पार्टी या सरकार के कामकाज को लेकर मुलाकात थी। अगले साल चुनाव हैं, इस पर चर्चा हुई कि जमीन पर क्या हो रहा है।

झा ने कहा कि बिहार देश का एकमात्र राज्य है जहां नीतीश कुमार जी ने जातीय जनगणना करायी। रिपोर्ट प्रकाशित हुई और उस पर जो भी कार्रवाई होनी थी, उन्होंने वह कार्रवाई की। अगर केंद्र सरकार ऐसा कुछ लाती है तो हम उसका स्वागत करते हैं। बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ये बैठक पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं के लिए थी। अध्यक्ष ने नई कमेटी बनाई है तो निश्चित तौर पर कमेटी को प्रदेश स्तर पर बैठकर अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करनी थी। उन्होंने कहा कि हमने एससी एसटी पर काम किया है, हमने अति पिछड़ों पर काम किया है, हमने जातीय जनगणना पर काम किया है, हमारा महिला सशक्तिकरण पर काम है, हमारा शिक्षा पर काम है इन सब पर काम है, हमारे विरोधी हम पर कैसे हमला कर रहे हैं वो सभी मुद्दे थे चर्चा की।

राजनीतिक रणनीतिकार की भूमिका से स्वयं राजनेता



की भूमिका में आए प्रशांत किशोर ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'जन सुराज' एक महीने से भी कम समय में राजनीतिक पार्टी बनने जा रही है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीट पर चुनाव लड़ेगी। पूर्णिया जिले में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा कि राज्य में कम से कम एक करोड़ लोगों के सक्रिय समर्थन से पार्टी का गठन दो अक्टूबर को किया जाएगा और इसे किसी सेगठबंधन करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

## राहुल गांधी की जीभ काटकर लाओ...11 लाख का इनाम पाओ

### -शिंदे गुट के विधायक का विवादित बयान

मुंबई। शिवसेना(शिंदे गुट) विधायक संजय गायकवाड ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के लिए विवादित बयान दिया। आरक्षण के मुद्दे पर शिंदे गुट के विधायक गायकवाड ने राहुल गांधी का जीभ काटने वाले को 11 लाख इनाम देने का ऐलान किया है। शिवसेना विधायक ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में संविधान खतरे में है का ऐसा फेक नरेटिव फैलाकर वोट हासिल किया था। अब खुद राहुल गांधी देश से आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रहे हैं। वह पिछड़े, आदिवासियों को दिए जा रहे आरक्षण को 100 प्रतिशत खत्म करना चाहते हैं। सभा में गायकवाड ने कहा कि मैं कहता हूं जो राहुल गांधी की जीभ काटेगा मैं उस शख्स को 11 लाख दूंगा। शिवसेना नेता के इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिवसेना विधायक ने कहा कि वे राहुल गांधी के लिए यह बयान लोकप्रियता हासिल करने के लिए नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़े और ओबीसी समाज की दुर्दशा को देखकर उन्होंने यह बयान दिया है। उन्होंने दावा किया राहुल गांधी की ओर से आरक्षण खत्म करने की बात से उनके मन में गुस्सा है और इस कारण यह बात जुबान पर आ गई। उन्होंने कहा कि अमेरिका में राहुल गांधी ने कांग्रेस का असली चेहरा उजागर किया है। कांग्रेस ने बयान की आलोचना कर राहुल गांधी के लिए खतरनाक बताया है। बता दें कि दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी राहुल गांधी पर हमला किया था। उन्होंने बिहार के भागलपुर में राहुल गांधी को बम बनाने वाला और नंबर वन आतंकवादी बताया था। इसके जवाब में कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी के लिए बीजेपी नेताओं के दिल में नफरत है, इसलिए वह गंदी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

## मस्जिद में घुसकर मारने...भाजपा नेता नितेश राणा के खिलाफ मामला दर्ज

मुंबई। गणपति कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय को कथित तौर पर निशाना बनाने के लिए भाजपा विधायक नितेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि एक पुलिसकर्मी की शिकायत के आधार पर राणे और नवी मुंबई में गणपति कार्यक्रम के आयोजक के खिलाफ एनआरआई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।



शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि संकल्प घरात नामक संस्था ने बिना अपेक्षित अनुमति के उल्वे में सात दिवसीय गणपति समारोह का आयोजन किया था और राणे मुख्य अतिथि थे। सितंबर के शुरूआत में अहमदनगर में रामगिरी महाराज के समर्थन में मोर्चा निकाला गया था। इस मोर्चे के बाद एक सभा का आयोजन किया गया था। इसमें बीजेपी विधायक नितेश राणे शामिल हुए थे। इस सभा के दौरान राणे ने मुसलमानों को खुली धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि रामगिरी महाराज के खिलाफ किसी ने कुछ कहा तो मस्जिदों में आकर चुन-चुनकर मारेंगे। शिकायत में कहा गया है कि 11 सितंबर को कार्यक्रम के दौरान राणे ने कथित तौर पर अपने भाषण में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया और लोगों को भड़काया। अधिकारी ने कहा कि धारा 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर शब्द बोलना), 351 (2) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव को 2029 से पहले लागू कर देगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर लंबे समय से चर्चा होती आ रही है। लेकिन इस बार केंद्र की एनडीए सरकार ने तय कर लिया है कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल पूरा हो इससे पहले एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करना है। यानी 2029 से पहले ये व्यवस्था लागू हो जाएगी। उच्च पदस्थ सूत्रों का दावा है कि इसके लिए प्राथमिक तौर पर तैयारियां शुरु हो गईं हैं और यह भी माना जा रहा है कि सरकार को अपने सहयोगियों के समर्थन से इस सुधार के लिए पर्याप्त समर्थन मिलने की उम्मीद है।

भारत 1881 से हर दशक में जनगणना करता आ रहा है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होना था, लेकिन कोविड-



19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। इस पर भी काम चल रहा है। जल्द से जल्द इस काम को पूरा करना होता ताकि एक राष्ट्र एक चुनाव की नीति को आसानी से तैयार किया जा सके।इस साल की शुरुआत में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया जोर पकड़ रही है। पैनल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत किया और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा का जोरदार समर्थन किया। रविवार को शीर्ष सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि सरकार ने जनगणना की तैयारी भी शुरू कर दी है, लेकिन सर्वेक्षण में जाति कॉलम को शामिल करने के बारे में अभी तक निर्णय नहीं लिया गया है।एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थकों का तर्क है कि इससे शासन व्यवस्था प्रभावशाली होगी। इस साल अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में पीएम मोदी ने राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि लगातार चुनाव से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। एक साथ चुनाव की अवधारणा भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में एक प्रमुख संकल्प था।

## कांग्रेस की सोच... मुस्लिमों को खुश रखकर हमेशा सत्ता में रहेंगे

### – मंगलुरु की घटना पर भाजपा का आरोप

**मंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मंगलुरु में दो पूजा स्थलों पर पथराव की घटना सामने आने के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। गौरतलब है कि रविवार देर रात मंगलुरु के कटिपल्ला शहर में पथराव हुआ था, लेकिन त्वरित कार्रवाई के कारण स्थिति नियंत्रण में आ गई और क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि पूजा स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गए है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मंगलुरु में विरोध प्रदर्शन किया है। भारी पुलिस कर्मी तैनात किए गए है।

कर्नाटक के मंत्री एमसी सुधाकर ने कहा कि मंगलुरु हमेशा से एक हॉट स्पॉट रहा है। मंगलुरु में सांप्रदायिक मुद्दों के आधार पर राजनीति होती है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। क्योंकि हर छोटे मुद्दे पर आप देखते हैं कि आरएसएस से जुड़े किसी व्यक्ति ने या किसी और ने क्या ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि हम हर किसी को नियंत्रित नहीं कर सकते। हर धर्म में कुछ कुकर्मी लोग होते है। इसतरह के शरारती तत्व ही ये सब मुद्दे पैदा कर रहे हैं।

वहीं भाजपा के डॉ. सीएन अश्वथ नारायण ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में फेल साबित हुई है। वे समाज को सांप्रदायिक आधार पर बांटना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निर्दोष लोग प्रभावित न हों और असली दोषियों पर मामला दर्ज किया जाए। हम समाज के हर वर्ग से बात करने को तैयार है। बीजेपी नेता नारायण गौड़ा ने कहा कि यह एक खुफिया विफलता थी। पुलिस से कहा गया कि वे कार्रवाई न करें और चीजों को होने दें। कांग्रेस सरकार सोचती है कि अगर वे मुस्लिम समुदाय को खुश रहे तब सत्ता में बन रहेंगे।

## भाजपा सांसद तिवारी का केजरीवाल पर तंज... ऐसा नाटकबाज नहीं देखा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे से ऐलान के बाद से भाजपा आप पार्टी पर हमलावर है। भाजपा केजरीवाल के ऐलान को अभियान बता रही है। वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर बड़ा वार किया है। भाजपा सांसद तिवारी ने कहा कि भारत के इतिहास में आपको कोई भी ऐसा मुख्यमंत्री नहीं मिलेगा जिसे न्यायालय द्वारा उसके पद से हटाया गया हो। उन्होंने कहा कि और संविधान का राज है। संविधान कहता है कि अगर कोई मुख्यमंत्री जेल जाता है, तब उस फौरान इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि पार्टी से कोई और सीएम पद संभाल सके। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल का अहंकार दिल्ली की समस्याओं से भी बड़ा है। उन्होंने दावा किया कि एक ओर से उन्हें मुख्यमंत्री पद से निलंबित कर दिया गया है क्योंकि अदालत ने कुछ प्रतिबंध लगा दिए हैं जैसे कि वह मुख्यमंत्री कार्यालय में नहीं जा सकते और किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि मैंने सिनेमा का बहुत अभ्यास किया है लेकिन मैंने उनसे बड़ा अभिनेता नहीं देखा।

## हरियाणा में रोमांचक हुआ चुनाव, 36 सीटों पर एक ही जाति के उम्मीदवार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने जीत के लिए जातिगत समीकरणों का सहारा लिया है। 90 में से 36 सीटों पर दोनों दलों ने एक ही जाति के उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें से 14 सीटों पर जाट बनाम जाट तो 15 सीटों पर ओबीसी बनाम ओबीसी मुकाबला होगा। बता दें कि हरियाणा में पांच अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे और नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित होंगे।जातिगत समीकरणों के अनुसार प्रदेश में कोई भी चुनावी किला फतह करने में ओबीसी (33 प्रतिशत आबादी), जाट (25 प्रतिशत) और दलित (21 प्रतिशत) की भूमिका सबसे अधिक होती है। इसके मद्देनजर कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 28 जाट उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भाजपा ने 16 सीटों पर जाट प्रत्याशियों पर भरोसा जताया है।

फिरोजपुर झिरका में भाजपा ने नसीम अहमद और कांग्रेस ने मामन खान तो पुन्हाना में भाजपा ने ऐजाज खान और कांग्रेस ने मोहम्मद इलियास को आमने-सामने किया है। जगाधरी में भाजपा के कंवरपाल गुर्जर के मुकाबले कांग्रेस ने अकरम खान, नूंह में भाजपा के संजय सिंह के मुकाबले कांग्रेस ने आफताब अहमद और हथीन में भाजपा के मनोज रावत के मुकाबले में कांग्रेस ने मुहम्मद इजरायल को मैदान में उतारा है। भाजपा ने सबसे ज्यादा 22 उम्मीदवार ओबीसी से बनाए हैं, जबकि कांग्रेस ने इस वर्ग से 20 प्रत्याशी चुनावी रण में उतारे हैं। 17 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इनको छोड़कर किसी दल ने सामान्य सीट पर दलित समुदाय को टिकट नहीं दिया है। बल्लभगढ़ से भाजपा के मूलचंद शर्मा और कांग्रेस की पराग शर्मा तो गन्नौर में भाजपा के देवेंद्र कौशिक और कांग्रेस के कुलदीप शर्मा में टक्कर है। चार सीटों पर पंजाबी आमने-सामने हैं, जिनमें थानेसर से भाजपा के सुभाष सुधा और कांग्रेस के अशोक अरोड़ा, हांसी में भाजपा के विनोद भयाना व कांग्रेस के राहुल मक्कड़, पानीपत शहरी में भाजपा के प्रमोद विज और कांग्रेस के वरिंदर शाह और रोहतक में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर तथा कांग्रेस के भारत भूषण बत्रा भिड़ रहे हैं।

## 370 को खत्म कर पीएम मोदी ने गुर्जर, बकरवाल, दलितों को उनका अधिकार दिलाया: शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए अपनी चुनावी रैलियों की शुरुआत से पहले अनुच्छेद 370 को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा, पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करके जम्मू के पिछड़ों, गुर्जर, बकरवाल, दलितों और पहाड़ियों को उनके अधिकार दिलाने का महत्वपूर्ण काम किया है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, आईआईटी, एम्स और आईआईएम जैसे संस्थानों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना हो या रेल और सड़क तंत्र को विश्वस्तरीय बनाना हो, मोदी सरकार जम्मू वासियों की हर आकांक्षा की पूर्ति कर रही है।

भाजपा के चाणक्य शाह की जम्मू-कश्मीर में सोमवार को तीन चुनावी रैलियां निर्धारित हैं, जिसमें पैडर नागसेनी, किश्तवाड़ और रामबन शामिल हैं। शाह इन रैलियों के माध्यम से भाजपा के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करने वाले है। भाजपा प्रवक्ता और मीडिया सेंटर प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि गृह मंत्री शाह 16 सितंबर को इन तीन स्थानों पर रैलियों को संबोधित करने वाले है। इससे पहले, शाह ने 6 और 7 सितंबर को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया था, इसमें उनकी पार्टी की नीतियों और योजनाओं की जानकारी दी गई थी।



प्रधानमंत्री मोदी भी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रचार में शामिल होने वाले है। पीएम मोदी 25 सितंबर को दूसरे चरण और 1 अक्टूबर को तीसरे चरण के मतदान से पहले चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 20 सितंबर को जम्मू में प्रचार करने वाले है।

अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इस चुनाव में अनुच्छेद 370 और आतंकवाद जैसे मुद्दे प्रमुख चर्चा का विषय बने हुए हैं। भाजपा का कहना है कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से घाटी में विकास की बयार बह रही है, जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कदम से केंद्र सरकार ने घाटी के लोगों के हितों पर प्रहार किया है।

## जमुई के अभिषेक को गूगल ने दिया 2 करोड़ रुपए सालाना का पैकेज

जमुई। बिहार के जमुई जिले के झाझा निवासी 24 साल के अभिषेक अब अमेरिकी कंपनी गूगल में जॉब करने वाले है। गूगल ने अभिषेक को 2 करोड़ रुपए सालाना का पैकेज दिया है। वे जॉइनिंग के लिए इसी महीने लंदन जाएंगे। गूगल से 2 साल पहले अभिषेक 1 करोड़ 8 लाख रुपए के पैकेज पर अमेजन कंपनी में थे। इस दौरान वे जर्मनी में रहे। कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने वाले अभिषेक का कहना है कि, गूगल में जॉब करना मेरा सपना था। बचपन से ही अभिषेक को कोडिंग का शौक था। अभिषेक की शुरुआती शिक्षा झाझा के प्राइवेट स्कूल में हुई है। उनके माता-पिता ने बताया कि बचपन से ही अभिषेक को कोडिंग के प्रति काफी लगाव था। वहां कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में ही कुछ करना चाहता था। इसके लिए कोटा में रहकर अभिषेक ने तैयारी की और 2018 में एनआईटी पटना में उसका दाखिला हुआ। अभिषेक के पिता सिविल कोर्ट में वकील हैं, और मां ग्रामीण हैं। उनके बड़े भाई अमित कुमार दिल्ली में रहकर सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे हैं। वे कहते हैं, जर्मनी जाने के बाद मुझे नए मौकों के बारे में पता चला। अब लंबे वक्त तक गूगल में ही जॉब करने का इरादा है। अभिषेक के मुताबिक, बीटेक पास करने के बाद कई कंपनियों में जॉब के लिए आवेदन किया था, लेकिन अच्छा ऑफर अमेजन से मिला। मुझे अमेजन ने एक करोड़ 8 लाख रुपए पैकेज दिया था। यहां एक साल तक जॉब करने के बाद गूगल में आवेदन किया। 5 राउंड के इंटरव्यू के बाद गूगल से मुझे जॉब ऑफर किया है। अभिषेक ने बताया कि गूगल जैसी बड़ी कंपनी में जॉब लेने का प्रोसेस सबके लिए एक ही सामान होता है। बस हमें करियर पोर्टल पर जाकर अप्लाई करना होता है। अगर हम किसी दूसरे एम्पलाई से मदद लेते हैं, तब और भी आसान हो जाता है। फिर हमारे सीवी के बेसिस पर उसे शॉर्ट लिस्ट किया जाता है और इंटरव्यू कराया जाता है।

## मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: सीएम योगी

**वेस्ट त्रिपुरा/लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है। पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितम्बर को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में इस धराधाम पर आकर कार्य कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा और इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है।सीएम योगी ने कहा कि यहां के राजा में शक्ति एवं सामर्थ्य था, इसलिए त्रिपुरा स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहा। यहां के राजा ने जनता को एकजुट करके त्रिपुरा को विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जो सामर्थ्यवान होगा और ताकत का एहसास अपने दुश्मनों को कराएगा, वो हमेशा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जो अपनी ताकत खोकर अपने दुश्मन और मित्र को समझने में भूल करेगा, उसी प्रकार का खामियाजा भुगतेगा जैसा आज बांग्लादेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के द्वारा चलाई गई दुर्वयसंधि का शिकार होते रहेंगे तो कांग्रेस देश का विभाजन कराएगी, हिंदुओं का कत्लेआम कराएगी, उन्हें जातियों में बांटकर लड़ाएगी और भारत की परंपरा-संस्कृति को नष्ट एवं भ्रष्ट कर देगी। आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान अगर बंगाल विरोध नहीं करता तो सबको पता है कि उस समय देश में क्या होता। सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं।सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में विद्याभारती के माध्यम से हजारों शिक्षण संस्थानों एवं सेवा के प्रकल्पों का संचालन कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में जनजातीय क्षेत्रों में एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन कर रहा है। श्रीराम वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने 1984 में गोरखपुर में जनजातीय छात्रावास प्रारंभ किया था, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के बच्चे जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि अब भारत का समय है इसलिए आज हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर अग्रसर हैं। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से पांच सदी का इंतजार समाप्त हुआ है। कुछ लोगों को मंदिर के बन जाने से बुरा लग रहा है, जिन्हें बुरा लग रहा है उनका हम क्या कर सकते हैं। हम भारत की बहुसंख्यक जनता की आस्था को सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है।



सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है, लेकिन ये तभी संभव है, जब हम सुरक्षित रहेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आज पूरा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य कर रहा है। आज त्रिपुरा में सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल है। आज से सात-आठ वर्ष पहले यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि एक ओर यहां की डबल इंजन की सरकार त्रिपुरा के सर्वांगीण विकास के लिए डबल स्पीड से कार्य कर रही है तो वहीं दूसरी ओर त्रिपुरा में धार्मिक क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में पहले पर्व और त्योहार के दौरान दंगे होते थे। आज हमने उत्तर प्रदेश में दंगाइयों के लिए बुल्डोजर और भक्तों को प्रभु श्रीराम का मंदिर दे दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबको ध्यान रखना होगा कि धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः यानी अगर हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी भी रक्षा करेगा। वहीं अगर अपने स्वार्थ के लिए हम अपने धर्म का बलिदान करेंगे तो धर्म भी आपके साथ उसी प्रकार का व्यवहार करेगा। 'यतो धर्मस्ततो जयः' सनातन धर्म की यही शिक्षा है।

## सड़क किनारे बैठे लोगों को पिकअप ने रौंदा, 5 की मौत, 05 गंभीर

संभल। मुरादाबाद-बुलंदशहर रोड पर सड़क किनारे बैठे एक मासूम समेत नौ लोगों को तेज रफ्तार के पिकअप ने रौंदती हुई निकल गई जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक रजपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पक्के की मढैया के गांव में रहने वाले लोग सुबह 6:30 बजे खेतों में घूमने के बाद गांव के पास बुलंदशहर-मुरादाबाद को जोड़ने वाले अनूपशहर-संभल सड़क पर बैठे थे। संभल की तरफ से जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन लोगों को रौंद दिया। ग्रामीणों का दावा है कि पिकअप चालक ने गलत साइड जाकर टक्कर मारी है। हादसे में ओमपाल, पूरन सिंह, धारामल, जमना और लीलाधर की मृत्यु हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद वाहन भी एक पेड़ से टकरा गया। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वाहन अलीगढ़ का है। घटना के बाद ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर दिया और अधिकारियों ने उन्हें आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। निरंजन पुत्र पन्नालाल उसका छह माह का बेटा अवधेश, जमुना सिंह पुत्र भायसिंह और उनके छोटे भाई गंगा प्रसाद घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मृतकों के शव फिलहाल रजपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रख दिए गए हैं। रजपुरा के थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हुई है, बाकी लोग गंभीर रुप से घायल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण



आर.के. सिन्हा

**अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम किया गया है। पर कहने वाले कहते हैं कि उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण का ही मुख्य लक्ष्य रहा है।**



भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है।

इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत द्वारा हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे।

उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह एक ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक- बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था। इस बात की पुरजोर आशंका जताई जा रही है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था। लेकिन, उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है।

देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही है, होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं।

कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फिल्म निमार्ता निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसीअम्मा ने आर्य समाज में हवन के जरिए हिन्दू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामी जी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया है। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिन्दू धर्म ही क्यों? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, 'क्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं बल्कि एक संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं। अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है।' कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे। लेकिन, यह राम सिम्हन के स्वविवेकेपूर्ण निर्णय को दशार्ता है। इसपर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये!

एक बात बहुत साफ है कि किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाना तो कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ धर्मों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके धर्म से अन्य धर्मों को मानने वाले जुड़े जाएं। गुस्ताखी माफ, कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे धर्म को माननेवाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं? यह कोई बात हुई क्या? फिर यदि बाकी धर्मों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें, तो समाज में भाईचारा कहाँ और कैसे बचा रहेगा। अगर कोई अपने मन से उस धर्म को त्याग देता है, , जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। उदाहरण के रूप में म्युजिक डायरेक्टर रहमान को ही लेते हैं। उन्होंने खुद ही हिन्दू धर्म को छोड़कर इस्लाम को स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है। पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपना पाले में लाने की जुगाड़ में रहते हैं। इस सबकी तो हमारा संविधान अनुमति नहीं देता। जब गौतम जैसों पर एक्शन होता है तो कुछ कथित बुद्धजीवी अलाप करने लगते हैं। पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई धर्म से जोड़ा जा रहा है।

मेरे संज्ञान में एक एक सच्ची घटना है जो मैं शेयर कर रहा हूँ। । लगभग दस वर्ष पहले मुझे अपने एक स्कूल के खेल शिक्षक के बारे में पता चला कि उसने त्यागपत्र दे दिया है और अगले महीने से हमें एक खेल शिक्षक नियुक्त करना होगा। मैंने उसे बुलाया और पूछा कि तुम्हारी तकलीफ क्या है? उसने बताया कि मुझे कोई तकलीफ नहीं है। पर आप जितना वेतन मुझे दे रहे हैं, उससे दस या बीस गुना कमाने का जरिया मुझे मिल गया है। मुझे घर मरम्मत के लिये पैसों की सख़्त जरूरत थी। मुझे पता चला कि मेरे इलाके में एक नया चर्च बना है उसके पादरी जरूरतमंदों की मदद करते हैं। मैं उनके पास गया। उन्होंने कहा कि मदद करूँगा। लेकिन, तुम्हें हर रविवार चर्च आकर प्रार्थना करनी होगी। मुझे तरीका आसान सा लगा। उन्होंने मुझे सपरिवार (पति-पत्नी, मेरी विधवा माँ और दो बच्चों को) ईसाई बनने के लिये बीस हजार प्रति व्यक्ति की दर से एक लाख रुपये दिये। बाद में पता चला कि मेरे जिस पड़ोसी ने मुझे ईसाई बनने का लालच दिया और पादरी से मिलवाने ले गया उसे भी इतना ही पैसा मिला। तो मुझे लगा कि इस तरह धर्म प्रचार करके तो ज्यादा कमाया जा सकता है तो मैंने इस्तीफा दे दिया। वह आज भी धड़ल्ले से गाँव-गाँव जाकर देवभूमि उत्तराखंड को ईसाई भूमि बनाने में लगा है। पहले हाफ पैंट और टीशर्ट पहनकर साइकिल से घूमता था। अब सलीके के सूट पहनकर चमचमाती कार में घूमता है। ऐसे एक नहीं अनेक धर्म भ्रष्ट लालची लोग आपको हर इलाके में मिल जाएँगे।

यह सवाल अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण है कि क्या भारत में धर्म प्रचार की अनुमति जारी रहनी चाहिए? कभी कभी लगता है इस मसले पर देश में बहस हो ही जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं? देखा जाए तो केवल धर्म पालन की स्वतंत्रता होनी चाहिये। धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता ही नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम किया गया है। पर कहने वाले कहते हैं कि उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण का ही मुख्य लक्ष्य रहा है। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ किए ही धर्मांतरण करवाने के मौके खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों की शिक्षण संस्था अंजुमन इस्लाम ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। ये मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं। पर इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान का धर्मांतरण का कभी प्रयास नहीं किया। आपको अपने धर्म को मानने की तो अनुमति होनी चाहिए, पर अपने धर्म का प्रचार करने या धर्मांतरण करने की इजाजत तो नहीं दी जा सकती।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### आतंकवाद अब भी मुद्दा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ड़ोड़ा की एक चुनावी रैली में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है, और उनकी सरकार ने इस 'सुंदर क्षेत्रको नष्ट करने वाली' वंशवादी राजनीति का मुकाबला करने के लिए नया नेतृत्व पेश किया है। जम्मू क्षेत्रके ड़ोड़ा, किश्तवाड़. और रामबन तथा दक्षिण कश्मीर के जिलों अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम की 24 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में 25 सितम्बर को मतदान होगा। दूसरे चरण में 26 सीटों तथा आखिरी चरण में 40 सीटों के लिए मतदान होगा। भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में ड़ोड़ा रैली को संबोधित करते हुएमोदी ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीड़ीपी को फिर से सत्ता में लाने के प्रति आगाह किया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनाव इसलिए महत्त्वपूर्ण हो गएहैं कि राज्य का विशेष दर्जा समाप्त करने, अनुच्छेद 370 निरस्त करने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों-जम्मू-कश्मीर और लद्दाख-में विभाजित करने के उपरांत पहली बार जम्मू-कश्मीर की असेंबली के लिए चुनाव हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा दी गई है, जबकि लद्दाख को प्रशासक के माध्यम से प्रशासित किया जा रहा है। चुनाव को विपक्ष अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य की बहाली के लिए रायशुमारी करार दे रहे हैं, जबकि भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, लेकिन अनुच्छेद 370 की वापसी संभव नहीं रह गई है। दिलचस्प यह है कि प्रमुख विपक्ष पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस अभी भी अनुच्छेद 370 की वापसी को चुनावी मुद्दा बनाए हुए हैं। इसके अलावा वह जम्मू-कश्मीर की सवायत्तता का अपना पुराना राग भी अलापे हुए है, और इस मुद्दे को चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाकर मैदान में है। अन्य विपक्षी पार्टी पीड़ीपी का भी यह प्रिय मुद्दा है। बहरहाल, भाजपा राज्य में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद राज्य में उभरे बनिस्बत शांतिपूर्ण परिदृश्य को अपनी उपलब्धि के रूप में प्रचारित कर रही है, और उसे लगता है कि उसका यह मुद्दा कारगर होगा। बेशक, 370 को निरस्त करने के बाद राज्य में शांति का माहौल बना और पत्थरबाजी की घटनाओं पर भी रोक लगी, लेकिन चुनाव की घोषणा के समय से अब तक छिटपुट आतंकी घटनाओं ने राज्य की जनता को विचलित किया है। देखा जाना है कि वह किस पार्टी के पक्ष में जनादेश देती है।

## चिंतन-मनन

### आत्मा का दिव्य भाव

जो व्यक्ति दिव्य पद पर स्थित है, वह न किसी से ईर्ष्या करता है और न किसी वस्तु के लिए लालायित रहता है। जब कोई जीव इस संसार में भौतिक शरीर से युक्त होकर रहता है, तो समझना चाहिए कि वह प्रकृति के तीन गुणों में से छूट जाता है। लेकिन जब तक वह शरीर से बाहर नहीं आ जाता, तब तक उसे उदासीन रहना चाहिए। उसे भगवान की भक्ति में लग जाना चाहिए जिससे भौतिक देह से उसका ममत्व स्वतः विस्मृत हो जाए। जब मनुष्य भौतिक शरीर के प्रति सचेत रहता है तो वह केवल इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, लेकिन जब चेतना कृष्ण में स्थानान्तरित कर देता है, तो इन्द्रियतृप्ति स्वतः रुक जाती है। मनुष्य को इस भौतिक शरीर की आवश्यकता नहीं रह जाती है और न उसे भौतिक शरीर के आदेशों के पालन की आवश्यकता रह जाती है। शरीर के भौतिक गुण कार्य करेंगे, लेकिन आत्मा ऐसे कार्य से पृथक रहेगी। वह न तो शरीर का भोग करना चाहती है, न उससे बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार दिव्य पद पर स्थित भक्त स्वयमेव मुक्त हो जाता है। उसे प्रकृति के गुणों के प्रभाव से मुक्त होने के लिए किसी प्रयास की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। भौतिक पद पर स्थित व्यक्ति शरीर को मिलने वाले तथाकथित मान-अपमान से प्रभावित होता है, लेकिन दिव्य पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे मिथ्या मान-अपमान से प्रभावित नहीं होता। वह इसकी चिन्ता नहीं करता कि कोई व्यक्ति उसका सम्मान करता है या अपमान। वह उन बातों को स्वीकार कर लेता है, जो कृष्णभावनामृत में उसके कर्त्तव्य के अनुकूल हैं, अन्यथा उसे किसी भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं रहती। वह प्रत्येक व्यक्ति को जो कृष्णभावनामृत के सम्पादन में उसकी सहायता करता है, मित्र मानता है और तथाकथित शत्रु से भी घृणा नहीं करता। वह समभाव वाला होता है और सारी वस्तुओं को समान धरातल पर देखता है, क्योंकि वह इसे भलीभांति जानता है कि उसे इस संसार से कुछ लेना-देना नहीं है।

# चीन पर कभी यकीन नही किया जा सकता

लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है किंतु चीन की बात पर आंख मुंदकर यकीन नही किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उसपर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी। भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत गुरुवार को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि 'ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। बॉर्डर पर आए गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठकें किए जाने का एक मैकेनिज्म तैयार किया गया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर गुरुवार को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवन घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया।

जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है। भारत कहता रहा है कि सेना के पूर्व स्थान पर पहुंचे बिना सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से जवाबी तौर पर हमने भी अपने सैनिकों को भेजा।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है। इस बार चीनी सेना के सीमा से पीछे हटने का कारण चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग काबयान भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अशांत विश्व का सामना करते हुए, दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को स्वतंत्रता पर दृढ़ रहना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि एकता और सहयोग का चयन करना चाहिए तथा एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के जरिए अपने मतभेदों को उचित ढंग से हल करेंगे और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का उचित तरीका ढूंढेंगे। चीन-भारत संबंधों को स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास के रास्ते पर वापस लाएंगे। इतना सब हो रहा है पर जरूरी यह है कि दोनों का मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटना ही समाधान है। निश्चित रूप से पीछे हटना समाधान नहीं है। यदि निश्चित रूप से समाधान के रास्ते पर चले तो भारत नुकसान में ही रहेगा। इन सब को देखकर भारत को चलना होगा। मई 2020 की स्थिति पर चीन सहमत होगा, ऐसा नही लगता।

सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हालांकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा।

एक बात और चीन कभी का काबू में आ गया होगा, काश हम भारतीय सही अर्थ में देशभक्त होते। मई 2020 में चीन से विवाद होने पर भारतीयों की फेसबुक पर बड़ी देशभक्ति दिखाई दी। लगाकि अब भारत में चीन का बना सामान नही आएगा। दीपावली पर व्यापारियों के आंकड़े भी आए कि चीन से बना कोई सामान नही मंगाया गया। जबकि आंकड़े इसके विपरीत हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत और चीन के बीच कुल 118.4 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। वहीं, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार 118.3 अरब डॉलर रहा। 2021-22 और 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार अमेरिका रहा था। अब चीन है। अमेरिका से हम अस्त्र- शस्त्र जैसे महंगे सामान लेते हैं। इसलिए वहां से आयात जयादा होना चाहिए था। चीन जानता है कि भारतीय और भारतीय व्यापारी सस्ते के लालच में उसका ही माल खरीदेंगे। इसलिए वह हठधर्मी पर है, यदि चीन का आयात दस प्रतिशत भी घट गया होता तो चीन कभी का भारत के आगे झुककर समझौता करने को मजबूर हो जाता।

**- अशोक मधुप(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# जल संकटः एक बार फिर वही रोना



विनीत नारायण



देश के ज्यादातर हिस्से में भारी वर्षा ने हालात बेकाबू कर दिए हैं। कई बांधों में जल का स्तर खतरे के निशान से भी ऊपर चला गया है। यह पानी अगर छूट कर निकल पड़ा तो दूर-दूर तक तबाही मचा देगा। नदियों के बहाव में पुल बहे जा रहे हैं जिनमें आए दिन जान-माल की हानि हो रही है। अनेक प्रदेशों के बड़े शहरों की पॉश बस्तियों में कमर तक पानी भर रहा है। गरीब बस्तियों की तो क्या कही जाए?

देश की राजधानी दिल्ली का ही इतना बुरा हाल है कि यहां जल से भरे नालों और बिना ढक्कन के मैनहोलों में कितनी ही जान जा चुकी हैं। बेकाबू जल का भराव, बिजली के खंबों को अपनी लपेट में ले रहा है, जिनमें फैला करंट जानलेवा सिद्ध हो रहा है। नगर पालिका-महापालिकाएं सब अतिवृष्टि के सामने बेबस हैं। इसके अपने अलग कई कारण हैं। पहले तो इंजीनियरिंग डिजाइन में ही गड़बड़ी होती है। दूसरा, जल के प्रवाह को और धरती के ढलान का निर्माण करते समय गंभीरता से नहीं लिया जाता। तीसरा, जल बहने के मार्ग कचड़े से पटे होने के कारण वाटर-लॉगिंग पैदा करते हैं। ये सब 'विकास' अगर सोच-विचार कर किया जाता तो ऐसे हालात पर काबू पाया जा सकता था पर जब उद्देश्य समस्या का हल न निकालना हो कर बल्कि अपनी हित साधना हो तो विकास के नाम पर ऐसा ही विनाश होगा। अपने इसी कॉलम में शहरों में जल भराव की समस्या के एक महत्त्वपूर्ण कारण को पिछले दो दशकों में मैं कई बार रेखांकित कर चुका हूं। समस्या यह है कि हर शहर में सड़कों की मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य केवल विभाग और ठेकेदार के मुनाफा बढ़ाने के उद्देश्य से किए जाते हैं, जनता की समस्या का हल निकालने के लिए नहीं। हर बार पुरानी सड़क पर नया रोड़ा-पत्थर डाल कर उसे उसके पिछले स्तर से 8-10 इंच ऊंचा कर दिया जाता है, और यह क्रम पिछले कई दशकों से चल रहा है जिसका परिणाम यह हुआ है कि आज अच्छी-अच्छी कॉलोनियों की सड़कें, उन सड़कों के दोनों ओर बने भवनों से करीब एक-एक मीटर ऊंची हो गई हैं। नतीजतन, हल्की सी बारिश में ही इन घरों की स्थित नारकीय हो जाती है क्योंकि वर्षा का जल घरों में जमा हो जाता है।

भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा हो या महाकाल की नगरी उज्जैन, आप इस समस्या का साक्षात प्रमाण देख सकते हैं। मैंने दुनिया के कई दर्जन देशों की यात्रा की है। पर ऐसा भयावह दृश्य कहीं नहीं देखा जहां हर कुछ सालों में लोगों के घर के सामने की सड़क ऊंची होती जाती है। आजादी मिलने से आज तक हम वर्षा के जल का संचय तक नहीं कर पाए। हमारे देश में वर्ष भर में बरसने वाले जल का कुल 8 फीसद का ही संचयन हो पाता है। बाकी 92 फीसद वर्षा का शुद्ध जल बह कर समुद्र में मिल जाता है। जिसका परिणाम यह होता है कि गर्मी की शुरू आत होते ही देश में जल संकट शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे यह संकट और भी गहरा हो जाता है। राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र जैसे अनेक प्रांतों में तमाम शहर हैं, जो अपनी आबादी की जल की मांग की आपूर्ति नहीं कर पा रहे। आज देश में जल संकट इतना भयावह हो चुका है कि एक ओर तो देश के अनेक शहरों में सूखा पड़ता है तो दूसरी ओर कई शहर हर साल बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। वहीं चेन्नई जैसा शहर भी है, जहां भूजल पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। जहां कभी चेन्नई में 200 फुट नीचे पानी मिल जाता था आज वहां भूजल 2000 फुट पर भी पानी नहीं है।

यह चेतावनी है भारत के बाकी शहरों के लिए कि अगर समय से नहीं जागे तो आने वाले समय में ऐसी दुर्दशा और शहरों की भी हो सकती है। एक समय वो भी था जब चेन्नई में खूब पानी हुआ करता था। मगर जिस तरह वहां शहरीकरण हुआ उसने जल प्रबंधन को अस्त-व्यस्त कर दिया। अब चेन्नई में हर जगह सीमेंट की सड़क बन गई है। कही भी खाली जगह नहीं बची, जिसके माध्यम से पानी धरती में जा सके। बारिश का पानी भी सड़क और नाली से बह कर चला जाता है कहीं भी खाली जगह नहीं है, जिससे धरती में पानी जा सके। इसलिए प्रशासन ने आम लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों के नीचे तलघर में बारिश का जल जमा करने का प्रयास करें। ताकि कुछ महीनों तक उस पानी का उपयोग हो सके। चेन्नई जैसे 22 महानगरों में भूजल पूरी तरह समाप्त हो गया है। जहां अब टैंकरों, रेलगाड़ियों और पाइपों से दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। अगर देश और प्रांतों के नीति निर्धारक और हम सब नागरिक केवल वर्षा के जल का सही प्रबंधन करना शुरू कर दें तो भारत सुजलाम-सुफलाम देश बन जाएगा, जो ये कभी था। 'पानी बीच मीन प्यासी, मोहे सुन-सुन आवे हांसी।'

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) की बैठक संम्पन, पत्रकार हितों पर हुई चर्चा



संस्कार उजाला

**गोण्डा।** राष्ट्रपति का सुरक्षा परिषद रजिस्टर्ड के मुखिया श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन मेंसोमवार को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) की जनपद इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक सिंचाई डाक बंगला में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय व संचालन मंडल अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने की। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि संगठन का उद्देश स्पष्ट है हमारा संगठन पत्रकार सुरक्षा कानून बिल पास करने के लिए प्रयासरत है जिससे सभी पत्रकारों को इसका लाभ प्रदान हो किसी भी पत्रकार साथी के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पत्रकारों के मान-सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद(रजि0) हमेशा मजबूती के साथ लडता है। विविध सलाहकार अतुल श्रीवास्तव ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना हर सदस्य का दायित्व है। उन्होंने आगाह भी किया कि निष्क्रिय लोगों को संगठन में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्हें बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी निष्पक्ष, निर्भीक होकर बेबाकी से खबरों का संकलन करें। इसके साथ ही उन्होंने तथ्यात्मक समाचारों पर बल दिया। कहा कि खबरों को लेकर यदि किसी भी पत्रकार साथी के साथ अन्याय किया गया तो संगठन हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के साथ ही मंडल अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, मंडल सचिव महेश गोस्वामी, प्रदेश सचिव कुँवर राजेन्द्र सिंह, विविध सलाहकार अतुल श्रीवास्तव, करण सिंह , चंद्र प्रकाश सिंह, संजय मिश्रा सुधीर पांडे, धनंजय तिवारी, इंद्रपाल पांडे, अमर नाथ तिवारी, जगराम महंत, रवि गर्गवंशी, अशद आरिफ, निरंकार तिवारी, प्रमोद कुमार पांडेय, रवि प्रकाश मिश्रा, संतोष कोहली, अमरनाथ तिवारी, फहीम खान, कुलदीप शुक्ला, शिखा कश्यप, विजय मिश्रा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा



संस्कार उजाला

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सभी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा। बता दें कि प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने जिला पदाधिकारी को संबोधित करते हुए बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा प्रारंभ करने जा रही है। जिसमें 17 सितंबर को रात 8:00 बजे प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल नगर पालिका परिसर से स्वच्छता कार्यक्रम को प्रारंभ करेंगे।उसके उपरांत दीवान इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। तथा युवा मोर्चा द्वारा कल रक्तदान शिविर का अयोजन भी प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह में विचार संगोष्ठी निबंध लेखन महिला चिकित्सा शिविर व अनेक प्रकार के सेवा के कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाएंगे। प्रतिवर्ष जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से कार्यक्रम प्रारंभ होते हैं। और 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक रहते हैं इस वर्ष भी कार्यक्रम इस प्रकार मनाए जाएंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजीव सिरोही पुनीत गोयल मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष श्यामइंद्र त्यागी राज सुंदर तेवतिया नीलम तेवतिया दीपक भाटी अनिरूद्ध कास्तला विक्रांत शर्मा राजेश शर्मा जतिन साहनी सुमित पारचा ,रोमी शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### हापुड़ संस्था चाकर राधा रानी के सदस्यों के द्वारा राधारमण मंदिर में की गई एक दिवसीय सेवा





संस्कार उजाला

**अमित शर्मा हापुड़**/हापुड़ की राधा रानी चाकर संस्था के सदस्यों के द्वारा विश्व विख्यात श्री राधा रमण मे बड़े ही श्रद्धा भक्ति भाव हर्षो उल्लास के साथ राधा रानी मंदिर में साफ सफाई का कार्य करते हुए सेवा करने का सौभाग्य से अवसर मिला। और साथ ही तीन दिवसीय भजन संकीर्तन का आनंद लिया। और राधा रानी के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया।

### पिलखुवा नाना के घर आए 16 वर्षीय कार्तिक की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत परिवार में मचा कोहराम



संस्कार उजाला

पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नाना के घर आए किशोर की देर रात्रि ट्रेन की चपेट में आकर हुई दर्दनाक मौत से परिवार में मचा कोहराम। बता दे कि पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में अपने नाना के घर आए गाजियाबाद लाल कुआं मौहल्ला रजनी विहार निवासी 16 वर्षीय कार्तिक देर रात्रि गांधी रोड पर किसी काम के लिए आया था। जिसके चलते रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिजनों का रो-रो पर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मानक से अधिक सवारियां भरकर नेशनल हाईवे पर दौड़ लगाने वाले ऑटो चालक यात्रियों के जीवन से कर रहे खिलवाड



संस्कार उजाला

**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**

जनपद में यातायात पुलिस की सरपरस्ती में मानक से अधिक सवारियां भरकर नेशनल हाईवे पर दौड़ लगाने वाले ऑटो चालक सवारी की जान से कर रहे खिलवाड़ और आए दिन सड़क हादसों का हो रहे हैं शिकार। सूत्रों की माने तो जनपद में यातायात पुलिस की सरपरस्ती में बहुत बड़े पैमाने पर ऑटो चालकों के द्वारा यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। और निर्धारित मानक से अधिक सवारियां बैठाकर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने के साथ ऑटो चालक नेशनल हाईवे पर फरार्टा भरने के चलते आए दिन सड़क हादसों का हो रहे शिकार। जिसका जीता जागता उदाहरण क्षेत्र में अटूटा कट पर देखने को मिला है। जिसमें एक तेज रफ्तार से दौड़ लगा रहे ऑटो का पिछला पहिया निकल गया कमीनत रही की ऑटो पलटा नहीं जिसके अंदर आधा दर्जन से अधिक सवारियां भरी हुई थी सभी घायल हो गई। जिनको घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि ऑटो चालकों की आगे निकलने की होड़ यात्रियों के जीवन की तोड़ रही डोर।

### भाकियू युवा विंग जिला अध्यक्ष के घर में घुसकर शरारती तत्वों के द्वारा मारपीट करने के विरोध में थाना हापुड़ देहात पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू



संस्कार उजाला

**जिला प्रभारी अमित शर्मा**

**हापुड़**/भारतीय किसान यूनियन युवा विंग के जिला अध्यक्ष के घर में घुसकर शरारती तत्वों के द्वारा मारपीट करने के चलते पुलिस के द्वारा शरारती तत्वों पर कार्रवाई नहीं करने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन युवा विंग का अनिश्चितकालीन धरना शुरू। आपको बता दें कि 30 अगस्त को भारतीय किसान यूनियन युवा विंग हापुड के जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी के पिता के साथ गांव में कुछ लोगो के द्वारा अभद्रता करने के साथ सोशल मीडिया पर अभद्रतापूर्ण टिप्पणी की गई। जिसको लेकर जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी ने इस बात का विरोध किया। तो शाम को उन गुंडों के द्वारा घर में घुसकर युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी और उनके पिता के साथ मारपीट की गई।और फायरिंग भी की गई। जिसको लेकर जिला अध्यक्ष के द्वारा थाने में तहरीर दी गई। जिसको लेकर जिला अध्यक्ष नहीं बताया कि दूसरे पक्ष के द्वारा भी अपने बचाव को लेकर झूठी तहरीर दी गई।जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने एफआईआर दर्ज नही की है। क्योंकि उन गुंडों को बीजेपी और आरएसएस के लोगो का संरक्षण प्राप्त है । अगर हमे किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़नी है। और संगठन मजबूत बना रहें।इसके लिए अपने संगठन के लोगो को इन गुंडों से बचाने के लिए भी हमें लड़ाई लड़नी होगी। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन युवा विंग हापुड़ ने थाना देहात हापुड़ पर अनिश्चितकालीन धरना चालू कर दिया है।

### भरना के जंगल में नलकूप की हौज मे मिले 50 वर्षीय राजेंद्र के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से हुई मौत



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर/** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव भरना के जंगल में बने ट्यूबवेल की हौज में रविवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान बुलंदशहर के गांव रमपुरा निवासी राजेंद्र के रूप में हुई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर सभी मामलों से जांच शुरू कर दी थी। लेकिन मृतक राजेंद्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ है कि उसकी मौत पानी में डूबने से हुई है। बता दे कि एक दिन पूर्व सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव भरना के जंगल में रामपाल सिंह की ट्यूबवेल की हौज में जनपद बुलंदशहर कोतवाली स्याना के गांव रमपुरा निवासी राजेंद्र सिंह का शव पड़ा मिला था।जोकि शनिवार की देर शाम से लापता था।परिजनों ने आसपास के गांवों में तलाश किया।लेकिन कोई पता नहीं चल पाया था।रविवार की सुबह 50 वर्षीय राजेंद्र का शव गांव भरना के जंगल में बने ट्यूबवेल की हौज पड़ा मिला था। थाना प्रभारी श्यौपाल सिंह ने बताया कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार राजेंद्र की मौत पानी में डूबने और सांस रुकने के कारण हुई है।परिजनों को इस संबंध में जानकारी दे दी गई।

# झोलाछाप डॉक्टरों ने बिगाड़ रखा है स्वास्थ्य विभाग का माहौल।

**क्षेत्र में फैला रहा बुखार झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जेब पर डाल रहे डाका।**



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** स्वास्थ्य विभाग की सरपरस्ती में झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार दिन दूने रात चौगुने फल फूल रहा है।कुकुरमुत्तों की भांति फैले झोला छाप डॉक्टरों पर मेहरबान स्वास्थ्य विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। क्षेत्र में फैले बुखार के मरीजों से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें पटी हुई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अनजान बने बैठे हैं। सीतापुर जिले के कसमंडा क्षेत्र के ग्रामीण इलाका सहित कस्बों में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आई हुई है।हर तीन किमी.की दूरी पर दो चार झोलाछाप डॉक्टर अपना तामझाम के साथ अपनी दुकानें सजाए बैठे हैं।संचालित झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे है।ऐसे कई मामले पूर्व में सामने आ चुके है।इतना ही नहीं शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने से अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।डॉक्टर धरती पर भगवान का रूप होता है।जो बीमार लोगों को ठीक कर उनको नई जिंदगी देता है।लेकिन तहसील सिधौली के कसमण्डा इलाके में झोला छाप फर्जी डॉक्टर लोगों की जिंदगी देने के बजाए उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बताते हैं कि यह झोला छाप डॉक्टर हॉस्पिटल में कुछ समय तक कम्पाउंडरी की ट्रेनिंग लेने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में खुद की क्लीनिक खोल लेते हैं। और डॉक्टर बन कर बैठ जाते हैं। और गंभीर बीमारियों का इलाज करने लगते है। जबकि इनके पास न तो सम्बन्धित योग्यता है और न ही उपचार सम्बन्धी लाइसेंस। ऐसे मामले आपको सीतापुर के कसमंडा क्षेत्र में बहुतायत मात्रा में देखने को मिल सकते हैं।ग्रामीण इलाका सहित कस्बा मास्टर बाग,कुंवरगड्डी ,भण्डिया, दहवां पुल,मिश्रीपुर,ऊंचा खेरा अजई,ईदगाह, नील गांव, दिन में दुकान में दस घण्टे सेवा फिर चौदह घण्टे इमरजेंसी सेवा झोलाछाप डॉक्टरों के घर पर उपलब्ध रहती है।यह झोला छाप डॉक्टर ग्रामीणों की खून पसीने की कमाई पल भर में लूट ले रहे हैं। अब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का खौफ इनको नहीं है,खुले आम अपना धंधा चला रहे हैं। अब देखना है कि इन झोला छाप डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई होती है या ठंडे बस्ते में मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस मामले को दबा देंगे।

# जिले में शान्ति पूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ निकला जश्न- ए-ईद मिलाद- उन-नबी का जुलूस

**जुलूस में आकर्षण का केंद्र रही झांकियां**



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** समूचे जिले में हर्षोल्लास धूमधाम के साथ जश्न ए मिलाद उन नबी/जलूसे मोहम्मदी का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग से मुस्लिम समुदाय के लोगो ने विशाल जुलूस निकाला।जिसमें झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहीं।मौलाना यूसुफ रजा ने बताया कि इस्लामिक माह रबीउल अव्वल की 12 तारीख को पूरी दुनिया में हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। आज हजरत मोहम्मद साहब पूरी दुनिया के लिए रहमत बन कर दुनिया में आज ही के दिन तशरीफ लाए थे। उनकी आमद के दिन को दुनिया भर के मुस्लिम ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं।सम्पूर्ण मानव जाति को दया, करुणा,आपसी सौहार्द, शांति,भाई चारे का संदेश देने वाले हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर कसमण्डा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जौडौरा मास्टर बाग मदरसा से गाजे बाजे के साथ जुलूस निकल गया। क्षेत्र भ्रमण करते हुए काठमांडा जमा मस्जिद होकर मदरसा पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत करने के साथ साथ व जल पान कराया गया जुलूस का समापन वापस मास्टरबाग मदरसा पहुंचकर हुआ। जुलूस के सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना अध्यक्ष कमलापुर प्रदेश कुमार सिंह व चौकी प्रभारी मास्टर बाग वीरेंद्र कुमार सरोज ने पूरे दल बल के साथ संभाल रखी थी। सुरक्षा व्यवस्था में फायर ब्रिगेड का दस्ता भी मौजूद रहा। जुलूस में प्रधान जोडौरा मोहम्मद आमिर सदर मतीन अली मैनेजर मोहम्मद हनीफ सिक्योरिटी इब्राहिम अली कोटेदार शमसुद्दीन गुड्डू सहित तमाम लोग शामिल हुए। इसके अलावा जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव क्षेत्र में जश्न ए मिलाद उन नबी/जलूसे मोहम्मदी का जुलूस जलालीपुर से निकाला गया। मिलादुन्नबी का जुलूस जलालीपुर मस्जिद से चल कर तरपतपुर काजी टोला मुख्य चौराहा होकर लहरपुर रोड की ओर मुड़कर पुनः काजी टोला पहुंच कर मस्जिद पर जुलूस का समापन हुआ। अपने नबी की आमद के दिन जलालीपुर, तरपतपुर व काजी टोला में विशेष सजावट की गई। मरकजी कमेटी जुलूस ए मुहम्मदी के मौलवी ताहिर ने बताया कि इस्लाम के आखिरी नबी की आमद का यह ऐतिहासिक पल है जिसका मुसलमान को साल भर इंतजार रहता है। जुलूस ए मुहम्मदी में कस्बा हरगांव की साझा संस्कृति की छाप दिखाई दी। यहां इस जुलूस में बड़ी संख्या में हिंदू मुसलमान शरीख होकर इसे मानते चले आ रहे हैं। इस जुलूस में साज सजा से भरपूर वाहन व पैदल लोग चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खां एजाज अय्यूबी अनीस खां हारून कुरेशी पूर्व सभासद नजीर अहमद गुड्डू सलीम खान अनीस खान गुड्डू प्रधान, फिरोज अख्तर अजमुद्दीन सिद्दीकी सरफुद्दीन सिद्दीकी असलम सहित भारी संख्या में मुस्लिम बिरादरी के लोग मौजूद रहे।

### डॉ सुधाकर का यह सपना। शिक्षित हो हर बच्चा अपना, फ्रेशर पार्टी एवं ओरिएन्टेशन से होता है प्रतिभा का निखार- डॉ सुधाकर वर्मा

**नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय टिकरा में हुई फ्रेशर पार्टी**



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की तहसील बिसवां क्षेत्र में प्रतिष्ठित महाविद्यालय नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाच विद्यालय टिकरा,बिसवां में नव प्रवेशित छात्रों का ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर नवागन्तुक छात्रों का स्वागत उनके सीनियर छात्रों ने बड़े धूम धाम से किया सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों ने गायन, नृत्य,मोनोएक्टिंग क्विज प्रश्नोत्तरी और फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष महा विद्यालय के संस्थापक राकेश वर्मा,मुख्य अतिथि वृजमोहन लाल शकुन्तला देवी इण्टर कालेज के अध्यक्ष डॉ. बिन्द्रा प्रसाद धुरिया व विशिष्ट अतिथि जनता इण्टर कालेज, कल्यानपुर के प्रधानाचार्य मो० इदरीश रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक डॉ० सुधाकर वर्मा ने कहा फ्रेशर पार्टी एजूकेशन फील्ड में सुंदर नवाचार है। इससे शिक्षक और शिक्षार्थी अपने को तरोताजा महसूस करते हैं। इस दरम्यान ओ०एस० डी०राहुल वर्मा,चीफ प्राक्टर पुष्पेन्द्र सिंह,अंकित वर्मा, ओम प्रकाश, मो० वकार अहमद,महक शुक्ल,सत्य प्रकाश,शशि कान्त गुप्ता, सुधीर वर्मा, शोभित वर्मा, अनुज वर्मा,व एस०वी० आई,शाखा कन्दुनी की प्रबंधक श्रीमती अंकिता शरद शुक्ल कैशियर नितेश कुमार व समस्त शाखा का स्टाफ एवं मो०शुऐब गाजी, दिलीप मौर्य व अतुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर विधायक ने दिलाई भाजपा की सदस्यता



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की बिसवां विधान सभा क्षेत्र में सोमवार को विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व में घर-घर सम्पर्क अभियान शुरू किया गया। सम्पर्क अभियान के तहत लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया।विधायक ने पतारा कलां भिठौली नसीरपुर आदि गांवों में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस बीच विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। इसलिए जनमानस का अटूट विश्वास भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकारों की प्रत्येक योजना गरीबों,किसानों, महिलाओं और युवाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए समर्पित है। मण्डल अध्यक्ष अशुतोष मिश्र ने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से जनमानस को भाजपा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष अमर बाजपेई पुनीत तिवारी शैलेन्द सिंह जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ल अरविंद पाण्डेय किसान के मोर्चा जिला मंत्री रवि तिवारी मुकेश पाण्डेय प्रदीप मिश्र किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम मिश्र सेक्टर संयोजक संजय पाण्डेय अभय पांडेय कमल सिंह अजय सिंह पुष्कर सिंह रवि सिंह अजय शर्मा सुशांत कुमार विश्वास डा०सन्तोष विश्वकर्मा आदर्श पाण्डेय मनोज शुक्ल सतीश मिश्र अभय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### गरीब परिवार में जन्मे बैखौफ शायर डॉ नरेश सागर को हिंदी दिवस पर 2024 का मिला हिंदी गौरव सम्मान



संस्कार उजाला

**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर/** जनपद हापुड़ की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के एक छोटे से गांव मुरादपुर के एक छोटे से गरीब साधारण परिवार में जन्मे बैखौफ शायर डॉ नरेश सागर ने अपने साहित्य प्रतिभा के बल पर हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी गौरव सम्मान 2024 पर के साथ सम्मानित होने पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही यह भी साबित कर दिया है की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। इंसान में यदि जज्बा है कुछ कर गुजरने का तो सफलता कदम चूम लेती है। जिसका उदाहरण है डॉक्टर नरेश सागर बेखौफ शायर। बता दे कि सिंभावली ब्लॉक के गांव मुरादपुर की सागर कालोनी में रहने वाले डा.नरेश सागर जो एक बहुत ही साधारण गरीब परिवार से संबंध रखते है। और अपनी साहित्यक प्रतिभा के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ते जा रहे है। डा. नरेश सागर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पत्र -पत्रिकाओ में भी अपनी रचनाएं लिख रहे है।बल्कि वो राष्ट्रीय - अन्तरराष्ट्रीय मंचो से सम्मानित भी होते रहे है।अपनी बेबाक कलम के चलते बेखौफ शायर से मशहूर डा. नरेश सागर अब तक 650 से अधिक सम्मान प्राप्त कर चुके है। हिंदी दिवस पर हुए आनलाइन प्रतियोगिताओं में डा.सागर की एक विशेष भमिका रही है। जिसके चलते उन्हें देश की राष्ट्रीय साहित्य संस्था सनसाईन आफ इंडिया ने हिंदी गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया जिसकी संस्थापक श्रीमती रेखा हिसार है। जिसमें साहित्य उपवन रचनाकार साहित्य संस्था ने उन्हें भाषा वत्सल सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा भी उन्हें हिंदी दिवस पर अन्य सम्मान पत्रो से भी सम्मानित किया गया । डा.सागर ने कहा कि जब तक मेरे शरीर में खून की एक एक बूंद भी रहेगी वो देश धर्म और समाज के प्रति बडी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ लिखते रहेंगे ।

### थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार।



संस्कार उजाला


**संवाददाता विक्की राज**

**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे। घर पकड़ अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चार शातिर किस्म के अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को चोरी की 8 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि थाना हापुड़ देहात पुलिस सघन वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए 4 शातिर किस्म के अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जिनकी निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 08 मोटर साइकिल व एक स्कूटी एवं 08 फर्जी नंबर प्लेट, 04 फर्जी आरसी तथा अवैध चाकू बरामद किया है। वही इस मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के वाहन चोर/अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध जनपद हापुड़, गाजियाबाद ,मेरठ में चोरी, गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी कर उनकी नम्बर प्लेट बदलकर व फर्जी कूटरचित आरसी तैयार कर बेचकर आर्थिक लाभ कमाना स्वीकार किया हैं।

# शारदा नदी की भयंकर बाढ़ से गांओं मे तबाही घरों में भरा पानी फसले हुई नष्ट

## इसके पहले आई बाढ़ से किसानों की हुई फसलें नष्ट जिसका मुआवजा आज तक नहीं मिला

संस्कार उजाला
**देवेन्द्र कुमार मिश्रा**



**सीतापुर** की तहसील लहरपुर के अंतर्गत शारदा नदी के कटान से किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन नदी में समाई और भयंकर बाढ़ से गांवों तथा घरों में भरा पानी चारों तरफ आने जाने के रास्ते हुए बंद। आपको बता दें शासन के द्वारा बाढ़ क्षेत्रों में प्रशासन को अलर्ट किया गया फिर भी आदेश हो रहे हवा हवाई कल दिनांक 15/09/2024 को तहसील प्रशासन उप जिलाधिकारी महोदया क्षेत्र में आईं शाहपुर,मतुवा,लालपुर के ठीक बीच का स्थान बेलवा बाजार चौराहे पर रुक कर यह संदेश दिया कि शाहपुर व लालपुर में बाढ़ चौकी बनाई गई हैं इसलिए गांव से निकलकर सभी लोग बाढ़ चौकियों पर पहुंचे जबकि एक बाढ़ चौकी बेलवा बाजार चौराहे पर बनाया जाना अति आवश्यक है क्योंकि बनाई गई बाढ़ चौकियों की दूरी बेलवा बाजार से 7 से 10 किलोमीटर की दूरी है जहां पर जाने वाले सभी मार्गों पर बाढ़ का काफी पानी पड़ता है जिसके लिए नावों की ब्यवस्था भी नहीं है बेलवा बाजार के नजदीक बाढ़ग्रस्त गांव, बेलवा , पसुरा, दहेली,सूजाबाद, रम्पुरवा,पंडित पुरवा,रतौली, मुसियाना, कुसेपा,मुराउन पुरवा आदि गांवों के लोग बेलवा बाजार पहुंचकर शासन के द्वारा दी गई राहत से वंचित नहीं रहेंगे लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ और है क्या इन्ही गांवों को कागज पर दिखाकर लाखों रुपये शासन से बाढ़ राहत के लिए आते हैं गांवो में हो रही तबाही को देखने कोई नहीं आता है अभी कुछ दिन पहले आई बाढ़ से हुई फसल नष्ट का मुआवजा प्रशासन द्वारा गांव के कुछ किसानों को दे दिया गया बाकी अधिकांश किसानों को फसल नष्ट का मुआवजा आज तक नहीं मिला इस बाढ़ में सब बरबाद हो गई अब किसान भूखों मरने की कगार पर है।

## एक एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द।



संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**चोपन/सोनभद्र।** मुबारक पुत्र सराफत शाह निवासी बारी डाला पत्राही थाना चोपन जनपद सोनभद्र का मोबाइल कहीं खो गया था, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना चोपन पुलिस को दी गयी तो आवेदक के खोये हुये मोबाइल की डिटेल यूपी कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराया गया । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ओशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में खोये/ गिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया। इसी क्रम में थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुये मल्टीमीडिया मोबाइल को सफलता पूर्वक बरामद कर आवेदक को सुपुर्द किया गया । जिसपर आवेदक एवं आमजन द्वारा पुलिस टीम की कोटि-कोटि प्रशंसा की गयी ।

## संक्षिप्त डायरी

### हर्षोल्लास के साथ ईद ए मिलाद-उल नबी का त्यौहार बहुत ही धुमधाम से किया गया संपन्न।



संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**रामगढ सोनभद्र।** रामगढ कस्बे मे मोहम्मद अल नबी का त्योहार मुस्लिम समुदाय के बीच धूमधाम से मनाया गया इसे ईदो में ईद कहा जाता है दूसरी ओर कई मुसलमान इस दिन को पैगंबर मोहम्मद की यौम-ए- पैदाइश का दिन मानकर इसे जश्न के रूप में मनाते हैं इस दिन लोग अधिक से अधिक समय अल्लाह की इबादत में बिताते हैं मस्जिदों को सजाया जाता है रामगढ़ मस्जिद के इमाम आलम नूरी ने कहा कि मोहम्मद के योम ए-पैदाइश का जन्म का दिन मानकर इसे जशन के रूप में मनाते हैं इस्लाम को मानने वाले हजरत मोहम्मद को अल्लाह का आखिरी दूत कहा जाता है पैगंबर मोहम्मद ने इस्लाम के महत्व को समझने के लिए कई कठिनाइयों की सामना किया दुश्मनों के जुल्म सहे और अल्लाह के संदेशों को लोगों तक पहुंचाया, इसलिए ईद-ए-मिलाद-अल-नबी का दिन नबी मोहम्मद के जीवन और उनके संदेशों को समर्पित है रामगढ कस्बा मार्केट में जुलूस भी निकाला गया इस मौके पर मस्जिद के सदर अकबर अंसारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजा, भाई लालू जहां खान, हसनैन, तेजू, अमीन अंसारी, टीपू, टाइगर, गुलाम, जावेद भाई, समीर वारसी, इसराइल, इजहार, हसन, ग्राम प्रधान रामगढ़ बराज मौर्य सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### कदौरा कस्बे में बारा बफात उत्साह पर हजरत मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर विशाल जुलूस निकाला।

संस्कार उजाला
(जालौन) इस मौके पर हजरत मुहम्मद साहब को याद करने के साथ ही उनके किरदार के बारे में बताकर इस्लाम को मोहब्बत, अमन और भाईचारे का दूसरा नाम बताया गया। ईद-मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर नगर के मोहल्ला बड़ी माजिद तकिया पर की गई विशेष सजावट लोगों के आकर्षण के केंद्र में रही। मार्गों पर की जाने वाली सजावट देखने वालों को चकित कर रही थी। बारह-रवी-उल-अव्वल के दिन मनाए जाने वाले हजरत मुहम्मद साहब के जन्म दिवस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह था। क्योंकि इसी दिन हजरत मुहम्मद साहब दुनिया में तशरीफ लाए थे। सैकड़ों की संख्या में नए कपड़े व रंग-बिरंगी पगड़ी बांधकर साइकिल, रिक्शे, मोटर साइकिल, टैंपो, कार, सवारी के साथ लोग जुलूस में शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलने वाले जुलूस में शांति बनाए रखने के लिए प्रभारी प्रभात सिंह फोर्स मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे । काजी मौलाना मस्जिद के इमाम मौलाना बड़ी मस्जिद के इमाम मुजहिदुल हक ने झंडा चौराहे पर लोगों को हुजूर पाक की सीरत एवं यौमे पैदाइश के बारे में बताकर लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने हुजूर पाक को अमन, भाईचारे व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया। जुलूस के लिए लोगों ने जगह जगह लंगर का आयोजन किया। इस मौके पर जुलूस कमेटी के आदि अध्यक्ष कामरेट आसिफ अजीज इसरार राइन शकीरा मेंबर मुख्तार रेहान फरहान बिलाल जुबेर लोगोंके सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया

### जिला बार संघ चुनाव के लिए 46 अधिवक्ताओं ने किया नामांकन।



संस्कार उजाला
**उरई** जिला अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई जिसमें विभिन्न पदों के लिए 46 लोगों ने नामांकन किया जिला जाजी परिसर स्थित राजेन्द्र रावत सभागार में सोमवार की सुबह 10 :30 से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जिसने अध्यक्ष पद के लिए भगवत शरण मिश्र ऋषि कुमार पटेल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र दाखिल किया साधना त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार तिवारी सुमित नारायण तिवारी कोषअध्यक्ष पद के लिए। संतोष कुमार सौरभ शुक्ला ने नामांकन किया वही उपाध्यक्ष कलेक्ट के लिए तीन कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए दो वरिष्ठ सदस्य के लिए छह कनिष्ठ सदस्य के लिए दस सयुक्त सचिव के लिए पांच अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया इस दौरान एल्डर कमेटी के चेयरमैन यज्ञदत त्रिपाठी वरिष्ट सदस्य लजपतराय सक्सेना अरूण कुमार श्रीवास्तव श्यामलाल वर्मा गजमोहन राजेश चतुवेर्दी आदि मौजूद रहे

### खंड विकास अधिकारी माधौगण की सर परस्ती में स्कूल के प्रबंधक व प्रिंसिपल के जॉब कार्ड से निकल रहे हैं रुपए,

**भ्रष्टाचार के खिलाफ खबर छापने पर पत्रकार को मिल रही है जान से मारने की धमकी,**

संस्कार उजाला
**माधौगण जालौन,** विकासखंड माधौगण क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीगनी निवासी अखिलेश सविता , एवं अखिलेश की पत्नी सुषमा देवी जो ऋषभ पब्लिक स्कूल की इस समय वर्तमान में प्रबंधन हैं तथा अखिलेश सविता के पिताजी इंटर कॉलेज में अपनी सेवाएं दे चुके है तथा उनकी पत्नी सुषमा देवी प्रधानाचार्य हैं सुषमा देवी के पिता माधौगढ़ में पूर्ति निरीक्षक के पद पर तैनात रह चुके हैं इतना सब कुछ होने के बावजूद भी खंड विकास अधिकारी माधौगण रमेश चंद्र शर्मा की सर परस्ती में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत प्रबंधक अखिलेश व प्रधानाचार्य सुषमा देवी का जाव कार्ड में लगातार पैसे डालकर निकाले जा रहे हैं जो जांच का विषय है जबकि ग्रामीण एवं गरीब जॉब कार्ड धारकों को काम नहीं मिलता है लेकिन दबंग लोगों के जॉब कार्ड बिना काम करे ही भरे जा रहे हैं इस हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत जब स्थानीय पत्रकार मोनू शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की तो अखिलेश सबिता भड़क गए और पत्रकार को जान से मारने या किसी केस में फसाने की धमकी दे रहे हैं जिससे पत्रकार भयभीत है जबकि योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठा रही है लेकिन सरकार के द्वारा ही नियुक्त किए गए अधिकारी लगातार मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और अगर कोई उनके भ्रष्टाचार की पोल खोलता है तो उसको जान से मारने या फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकियां मिलती हैं इस भ्रष्टाचार को संज्ञान में लेकर सरकार को सख्त- कदम उठाने चाहिए जिससे माधौगढ़ क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके

## बस्तेपुर प्रधान ने जल भराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए जेसीबी से खुदबाया नाला



संस्कार उजाला
**कुठौद जालौन,** विकासखंड कुठौद की ग्राम पंचायत बस्तेपुर की गौशाला एवं गांव में पानी की निकासी न होने के कारण अत्यधिक बरसात होने के कारण गौशाला एवं गांव में पानी भर गया था जल भराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी एवं ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश ने जेसीबी मशीन मगाकर नाला खुदवाया जिससे गांव का पानी निकाला जा सके अत्यधिक बरसात होने के कारण खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने बस्तेपुर गांव का दौरा किया और ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी को गांव से पानी निकालने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए अत्यधिक बरसात होने के कारण ग्राम बासियो में दहशत पैदा हो गई क्योंकि गौशाला के अलावा गांव में भी जल भरा हो गया था जिससे ग्राम वासियों को निकालने में भारी परेशानी हो रही थी उसको ध्यान में रखकर प्रधान प्रतिनिधि बीर पाल दोहरे ने तत्काल जेसीबी मशीन मंगवा कर उरई औरैया स्टेट हाईवे के किनारे नए सिरे से नाला की खुद बाई की गई और गांव में भरे पानी को निकाला जा सका ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी के द्वारा उठाए गए इस साहसिक कदम की ग्रामवासियो ने प्रशंसा की

## कैथवा प्रधान ने जल भराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए जेसीबी से खुदबाया नाला



संस्कार उजाला
**कुठौद जालौन,** विकासखंड कुठौद की ग्राम पंचायत कैथवा गांव में पानी की निकासी न होने के कारण अत्यधिक बरसात होने के कारण गांव में पानी भर गया था जल भराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम प्रधान नरेंद्र तिवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी विनय स्वर्णकर ने जेसीबी मशीन मगाकर गंधा नाला खुदवाया जिससे गांव का पानी निकाला जा सके ग्राम प्रधान नरेंद्र तिवारी ने बताया कि अत्यधिक बरसात होने के कारण गांव में पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है क्योंकि गांव के आसपास लिंक रोड गिर जाने के कारण गांव में पानी की निकासी बंद हो गई है गांव में अत्यधिक बरसात होने के कारण गांव में जल भराव की गंभीर स्थिति होने के कारण ग्राम प्रधान नरेंद्र तिवारी ने तत्काल जेसीबी मशीन मंगवा कर गंदा नाला को साफ करवाया और गांव की सभी नालियों को साफ करवाया जिससे कि गांव में जल भराव की स्थिति पैदा ना हो सके ग्राम प्रधान नरेंद्र तिवारी ने बताया कि गांव की कई रास्ता अत्यधिक बरसात होने के कारण खराब हो गई हैं जिसमें शहतू कुशवाहा के मकान से मैंन रोड तक, काशी प्रसाद के घर से डामर रोड तक, डॉक्टर भान सिंह के मकान से दिनेश शुक्ला के मकान तक, बजरंगबली बाबा मंदिर से डामर रोड तक इंटरलॉकिंग एवं नाली का निर्माण कार्य करना है जिससे कि ग्राम वासियों को निकालने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े

## आर एस एस का 2024 का प्रारंभिक वर्ग विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित होगा,



संस्कार उजाला
**कुठौद जालौन,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला उरई 2024 का प्रारंभिक वर्ग विवेकानंद इंण्टर कॉलेज में आयोजित है जिसकी समय अवधि 16 सितंबर से 18 सितंबर तक है जिसमें कुठौंद खंड के स्वयंसेवक बंधुओं को सम्मानित कर विदाई की इस मौके पर खंड कार्यवाह-बृजेंद्र सिंह,जिला मार्ग प्रमुख संतोष तिवारी,सह खंड कार्यवाह प्रवीण शुक्ला ,संजय , राकेश पुरवार ,खंड प्रचार प्रमुख वी पी सिंह सेंगर,व्यवस्था प्रमुख नीलू कुशवाहा,डा सुरेंद्र सिंह,शिवा बाथम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे संघ प्रचारक बीपी सिंह ने बताया कि संघका शताब्दी वर्ष पुरा होने वाला है संघ निरन्तर व्यक्ति निमार्ण कर राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है।

## 01 नफर अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद कर किया गया गिरफ्तार।



संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी पिपरी के निकट पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा दिनांक 16.09.2024 को रेलवे स्टेशन रेनूकुट से अभियुक्त कलामुद्दीन उर्फ पुत्तन पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी रोटरी क्लब मुर्धवा रेनुकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष के कब्जे से कुल 01 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-127/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त में कलामुद्दीन उर्फ पुत्तन पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी रोटरी क्लब मुर्धवा रेनुकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष ।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन का पर्व धूम धाम से मनाया गया।




संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

नानपारा बहराइच नानपारा 16 सितम्बर दीन सोमवार 2024 जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया अपने परम्परागत तरिके से हर साल की तरह इसबार मोहल्ला तोपखाना की कमेटी की ओर से वर्षों से रात्रि में निकाला जा रहा ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस रविवार को रात्रि 9:00 बजे अपने पुराने स्थान दरगाहे गोसिया मोहल्ला तोपखाना व राजा मस्जिद से निकाला गया जिसमें भारी संख्या में हजरत मोहम्मद साहब के चाहने वाले ने भाग लिया। हमेशा की तरह इस बार भी अंजुमन जुलूस से मोहम्मदी का जुलूस नगर के परंपरागत रास्तों पर होता हुआ नारे तकबीर -अल्लाह हू अकबर ,नारे रिसालत -या रसूल अल्लाह की सदाएं बुलंद करता हुआ दूसरे दिन अपने स्थान दरगाह गौसिया मोहल्ला तोपखाना,राजा मस्जिद वापस हुआ जहां देश में अमन चैन शान्ति कायम रहने के लिए दुआ की गई । इस मौके पर पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था ही चुस्त दुरुस्त रही कोतवाल नानपारा प्रदीप कुमार सिंह राजा बाजार चौकी इंचार्ज आरएस यादव, उपनिरीक्षक पीके पांडे, कानूनगो विश्वनाथ मौर्य, लेखपाल मनीष कुमार, बृज बहादुर जयसवाल आदि पूरा समय भ्रमण करते रहे। मुस्लिम विकास समिति के अध्यक्ष सै0अब्दुल वली व अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर मौलाना मोइनुद्दीन कादरी, अख्तर हुसैन जाफरी, नदीम चैधरी,अब्दुल खबीर खान ,हाजी राशिद अली, नसरुद्दीन, मुन्ना, हसीन खान, मौलाना शोएब,हलीम अंसारी,रोशन जमीर,के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद पूर्व अध्यक्ष अब्दुल मोहीद राजू ,पत्रकार सत्य प्रकाश गुप्ता ,शकील अंसारी, सहाब खान,डॉ0सै0 अब्दुल खबीर, कादिर खान,अय्यूब अंसारी आदि का सहयोग रहा । दो स्थानों पर जुलूस में शामिल लोगों पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

# भारत की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गहन चचाएं हुई, जो राज्यपाल की राष्ट्रीय मामलों में गहरी संलग्नता को दशार्ती हैं। वसीम हैदर जैदी





संस्कार उजाला
**सलीम खान/आसिम अजीज**

**रामपुर।** जनपद उत्तर प्रदेश केरल के राज्यपाल, आरिफ मोहम्मद खान, ने जेल रोड स्थित वसीम हैदर जैदी के निवास पर आयोजित रात्रिभोज में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से रामपुर को सम्मानित किया। इस सभा में भारत की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गहन चचाएं हुईं, जो राज्यपाल की राष्ट्रीय मामलों में गहरी संलग्नता को दशार्ती हैं। इस रात्रिभोज में कई प्रमुख व्यक्तित्वों ने भाग लिया, जिनमें पिंडरावल के राजा हैदर अली खान असद, रजा लाइब्रेरी के निदेशक श्री पुष्कर मिश्रा और एनवाईके रामपुर के जिला युवा अधिकारी माहे आलम शामिल थे। इन सभी ने समृद्ध वातार्लापों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चचार्ओं में भारत के राजनीतिक परिदृश्य के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें आर्थिक सुधार, सामाजिक न्याय, और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। आरिफ मोहम्मद खान की यात्रा ने राष्ट्र के समक्ष आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान में संवाद और सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। उनकी अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण को सभी उपस्थित लोगों ने अत्यधिक मूल्यवान माना। राज्यपाल ने अपने भाषण में कहा कि वर्तमान समय में देश को एकजुटता और सहयोग की आवश्यकता है, और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे राष्ट्र की प्रगति के लिए मिलकर काम करें। रात्रिभोज के दौरान, राज्यपाल ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही देश की प्रगति संभव है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करें। वसीम हैदर जैदी ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से रामपुर के लोगों को गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने राज्यपाल के नेतृत्व और दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि उनकी यात्रा से स्थानीय समुदाय को नई प्रेरणा मिली है। शाम का समापन देश की बेहतरी के लिए एक नए संकल्प के साथ हुआ, जो राज्यपाल की दृष्टि और नेतृत्व से प्रेरित था। उपस्थित सभी लोगों ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए राज्यपाल का धन्यवाद किया और उनके साथ भविष्य में भी इसी प्रकार के संवाद और सहयोग की आशा व्यक्त की। इस प्रकार, आरिफ मोहम्मद खान की रामपुर यात्रा ने न केवल राजनीतिक चचार्ओं को प्रोत्साहित किया, बल्कि एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। उनकी यात्रा ने यह संदेश दिया कि संवाद और सहयोग के माध्यम से ही हम राष्ट्र की प्रगति और विकास को सुनिश्चित कर सकते हैं।

# डीएम द्वारा एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ जालौन विकास खण्ड के ग्राम लौना की अस्थाई गौशाला का निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित, प्रधान व बीडीओ को नदारत रहने पर दिया गया नोटिस




संस्कार उजाला
**उरई(जालौन)।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज प्रातः 10 बजे लौना अस्थायी गो आश्रय स्थल विकास खंड जालौन का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार एवं विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया। उक्त गो आश्रय स्थल में 70 गोवंश संरक्षित पाये गये, सभी गौवंश स्वस्थ है मात्र एक गोवंश बीमार पाया गया जिसका इलाज चल रहा है। भूसा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। दो केयर टेकर मौके पर सफाई कार्य कर रहे थे। गौ आश्रय स्थल पर गंदगी थी गोबर और पानी से कीचड़ था, ऐसा प्रतीत हुआ कि कई दिन से सफाई नहीं कराई गई थी। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी एवं बीडीओ की लापरवाही स्पष्ट रूप से परिलक्षित पायी गई । गो आश्रय स्थल में सभी व्यवस्था सफाई आदि करायी जा रही है। लापरवाह ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित प्रधान को नोटिस तथा बीडीओ को मुख्यालय से बिना सूचना गायब रहने तथा गौ आश्रय स्थलों के रखरखाव व संरक्षण में लापरवाही करने एडीओ सहकारिता नोडल अधिकारी गोश्रय स्थल द्वारा खंड विकास अधिकारी को लिखित सूचना दिये जाने के बावजूद खंड विकास अधिकारी द्वारा सफाई आदि न कराने के कारण बीडीओ के विरुद्ध भी समुचित कार्यवाही प्रचलित की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी गौ आश्रय स्थलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर बारिश के दृष्टिगत साफ सफाई का कार्य बृहद स्तर पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज ही गौ आश्रम स्थल की साफ सफाई, पानी निकासी और परिसर को मिट्टी डालकर समतल किया जाए जिससे बारिश में जल भराव नहीं होगा। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कहा कि प्रत्येक गौशालाओं में गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए नियमित रूप से पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं का भ्रमण करेंगे साथ ही गौशाला में संरक्षित गौवंशो के बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद की गौशालाओं में अव्यवस्था मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाब देही तय की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी जालौन विनय मौर्य,प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पीजी में शख्स ने ली करवट और सो गया मौत की नींद

**फेस तीन थाना क्षेत्र में मामूरा के एक पीजी का मामला। ,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेजा**



**संस्कार उजाला**

**नोएडा।** फेस तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर-66 मामूरा स्थित पीजी के छठी मंजिल से गिरकर कंपनीकर्मी की मौत हो गई। कंपनीकर्मी के शराब पीकर पीजी की मंटी पर सोने की चर्चा है। पलटी लेने के दौरान पीजी के पीछे की तरफ गिर गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करा कर शव स्वजन को सौंप दिया। वहीं पुलिस से घटना के दौरान छत पर मौजूद तीन लोगों को हिरासत में भी लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि पुलिस से रविवार शाम सात बजे के आसपास मामूरा में छत से गिरकर युवक के मौत होने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो पाया कि संभल के बहजोई का शरद शर्मा (26) गली नंबर एक में हाथी वाले मंदिर के पास बने छह मंजिला पीके इंटरप्राइजेज पीजी में रहता था।

# गाजियाबाद से प्रभा वर्मा को पत्रकार बनाए जाने पर हर्ष विहार की महिला मंडल ने किया भव्य स्वागत

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद संवाददाता कपिल शर्मा**

गाजियाबाद भोपुरा स्थित हर्ष विहार कॉलोनी की रहने वाली प्रभा वर्मा को पत्रकार बनाए जाने पर समस्त महिला मंडल ने प्रभा वर्मा का किया भव्य स्वागत सबसे पहले प्रभा वर्मा को माला एवं पटके पहनकर उनको हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी और साथ में सभी महिलाओं ने प्रभा वर्मा का मुंह मीठा करवाया और हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ में प्रभा वर्मा के हसबैंड जगदीश राज वर्मा ने भी माला एवं पटके पहनकर और उनका मुंह मीठा करवा कर प्रभाव वर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ में प्रभा वर्मा की बेटी साक्षी वर्मा ने भी अपनी माता



को माला पहनकर और उनका मुंह मीठा करवा कर उनको हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी इसी के चलते पत्रकार प्रभा वर्मा ने अपने बड़े उनकी सास राजकुमारी वर्मा कभी आशीर्वाद लिया और प्रभा वर्मा की सास जो की 104 साल की हैं राजकुमारी वर्मा ने प्रभा वर्मा को अपना आशीर्वाद दिया और उनका मुंह मीठा करवाया और साथ में उनका हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की समस्त महिला मंडल ने भी प्रभा वर्मा को पत्रकार बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के भी कामना की

# जेडीयू नेत्री शालिनी के साथ सैकड़ों ने की आवाज बुलंद, पीएम और सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** नगर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सोमवार को जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरकर और विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट बांदा के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जनता दल यूनाइटेड के तत्वावधान में जीआईसी मैदान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाऐ व मजदूर लोग मौजूद रहे। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनकर ज्ञापन स्वीकार किया। लोगों ने मांग करते हुए कहा गया कि सरकार द्वारा संचालित हर घर नल योजना (नमामि गंगे योजना) में क्रियान्वयन एजेन्सी (छ&ळ व ढउउ) द्वारा गांवा मजरों मे खोदी गयी पाइपलाइन को अविलम्ब दुरुस्त की जाए एवं अन्य समस्याओं के निष्पादन भी किया जाए। दूसरी मांग में यह कि उ०प्र० राज्य विद्युत परिषद लखनऊ द्वारा जनता के साथ की जा रही अनियमितता / फर्जी बिल देना एवं बिना मीटर के लम्बे चौंडे बिल सम्बन्धित को देकर और जबरन वसूली को तत्काल रोककर नियमानुसार उचित



कार्यवाही की मांग की गई। अपनी तीसरी मांग में कहा गया कि श्रम विभाग की एक साल से अधिक समय से साइट बन्द है जिससे सम्बन्धित योजनाओं (शिशु हित लाभ योजना,उ०प्र० भवन सनिर्माण कार्य बोर्ड योजना) आदि 21 योजनाओं से श्रमिकों को वंचित किया जा रहा है। इस समस्या को गम्भीरता से लेते हुये साइट को खोलकर योजनाओं का सम्बन्धित व पात्र लोगों को लाभान्वित कराने के लिए मांग की गई। चौथी मांग में सरकार द्वारा जारी पेशन योजना (वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेशन) आदि का संचालन अनियमित चल रहा है और बहुत से लाभार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण कराकर सरकारी निर्णय का इन्तजार कर रहे है जिसके अंतर्गत गतिविधियों का संचालन पारदर्शी ढंग से करने की मांग की गई। पांचवी मांग में सरकार की किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में सजगता से योजना लागू करने एवं जनपद के सम्बन्धित किसान अपना-अपना पंजीकरण कराकर सरकार की बाट जोह रहे हैं। लेकिन कार्यपालिका लोगों की समस्याओं का समाधान करने मे शिथिलता बरत रही है। जिसके मद्देनजर इस समस्या का समाधान करने की मांग की गई। छटवी मांग यह रही कि जनपद में संचालित शौचालय निर्माण योजना का भी मन्दगति से संचालन किया जा रहा है जबकि स्वच्छता के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है, सम्बन्धित जिम्मेदारों के माध्यम से योजना को अमूर्त गति देने की आवश्यकता है। सातवी मांग अंतर्गत आबकारी नीति योजनाओं में गांव-गांव शराब की दुकाने चलाकर सरकार क्या सन्देश देना चाहती है बस्तियों में और मजरों में संचालित शराब की दुकानों को यथाशीघ्र अन्यत्र शिफ्ट की जाये, जिससे बस्तियों मे शराब खोरों के अन्याय से आम जनता को त्रस्त होने से बचाएं जाने की मांग रखी गई है। इस मौके पर लगभग 500 की संख्या में ग्रामीण महिलाऐ व मजदूर लोग मौजूद रहे हैं। जिनमे प्रमुख प्रमुख रूप से रविन्द्र कुमार भारतीय प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड श्रमिक प्रकोष्ठ यूपी, जिला अध्यक्ष जेडीयू उमाकांत सविता, जिला महासचिव अर्जुन सिंह, जिला सचिव जय प्रकाश निगम, तहसील अध्यक्ष अतर्रा जेडीयू दिलीप गुप्ता, महिला जिला अध्यक्ष सुशीला वर्मा, श्याम लाल हितैसी, जिला सचिव जेडीयू महेश चंद्र श्रीवास, तहसील अध्यक्ष श्रवण कुमार कबीर, शिव नरेश नामदेव, रविकरण सिंह, शत्रु घन सविता, रामबाई, होरीलाल, चुन्नी देवी, राम भवन पटेल ओम प्रकाश कबीर जी आदि लोग मौजूद रहे।

# हजारों की संख्या में भक्तो ने छका भगवान गणेश के विशाल भंडारे का प्रसाद



**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** जनपद के महाराणा प्रताप चराहे के समीप गणेश कमेटी के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेशाय नवयुग समाज महाराणा प्रताप चौक बांदा के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 15 से 20 हजार भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भंडारे का आयोजन लगभग 10 वर्षों से लगातार किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि गणेश कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से गणेश महोत्सव मनाया गया है। अध्यक्ष रजत रावत, महामंत्री सूरज गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, संयोजक अनु रघुवंशी, कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, व्यवस्थापक सूर्यदीप चंदेल, पवन गुप्ता, शुभम गुप्ता, पुनीत गुप्ता, जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति गौ रक्षा समिति बांदा, सत्यम मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त डायरी

## पति से नाराज घर छोड़कर गई महिला को खुरहण्ड पुलिस ने रेलवे स्टेशन से किया बरामद

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**



बांदा जनपद में पति-पत्नी के विवाद में पति से नाराज होकर घर छोड़कर गई महिला को चौकी खुरहण्ड पुलिस द्वारा सूचना के आधा घण्टे के भीतर अतर्रा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। खुरहण्ड के रहने वाले एक व्यक्ति ने चौकी खुरहंड पर सूचना दी कि उसकी शादी लगभग 04 माह पूर्व हुई थी। सोमवार 16 सितंबर 2024 को उसकी पत्नी बिना बताए रुपए और जेवरात लेकर भाग गई। सूचना पर पुलिस द्वारा सर्विलांस आदि के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला को अतर्रा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में पता चला की व्यक्ति शराब पीता है जिसको लेकर पति-पत्नी में आये दिन विवाद होता था इसी से रुष्ट होकर महिला जेवरात लेकर चली गई थी। इसी दौरान चौकी खुरहण्ड का निरीक्षण करने गये अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा दोनों पक्षों को बैठाकर दोनों की काउंसलिंग की गई तथा दोनों को अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने को कहा गया । काउंसलिंग के उपरांत व्यक्ति ने आगे कभी भी शराब न पीने की बात कही। दोनों पक्षों द्वारा लिखित समझौता देने पर दोनों को सकुशल उनके घर रवाना किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अधिकारियों के साथ डो्न कैमरे के माध्यम से किया निरीक्षण

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**



बांदा में सोमवार को तहसीलदार बबेरू को साथ लेकर बाढ़ प्रभावित गांव मझीवां, काजीटोला, जलालपुर, औगासी, बाकल, समगरा, मर्का, चर्का, अरवारी, औदहा, मुडवार, मटेहना सहित अन्य गांव का जायजा ड्रोन कैमरा के माध्यम से लिया गया। बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों के खेत जलमग्न हो जाने से फसल नष्ट हो जाने और निचले इलाके के घरों में जल भराव की समस्या देखने को मिली। साथ ही मौजूद संबंधित लेखपाल एवं अधिकारियो से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराते हुए किसानों के नुकसान का मुआवजा दिलाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान साथ में तहसीलदार बबेरू लाखन सिंह जी,मण्डल अध्यक्ष मर्का दिनेश निषाद जी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष सोहन सिंह जी,कुलदीप सिंह जी,अंकित सिंह पटेल जी सहित संबंधित लेखपाल उपस्थित रहे।

## बंडा मे हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ की बैठक हुई।

**बैठक मे प्रदेश संगठन मंत्री/प्रभारी कमल दीक्षित जी ने दिव्यांशु शुक्ला पल्लव जी को जिला उपाध्यक्ष,**

**संस्कार उजाला**

**जनपद शाहजहांपुर**



बंडा ब्लाक अध्यक्ष अजय द्विवेदी जी के अगुवाई मे आयुष गुप्ता जी को बंडा का नगर अध्यक्ष, हर्षित मिश्रा जी को नगर महामंत्री, कुलदीप राठौर जी, अभिषेक द्विवेदी जी रघु मिश्रा जी, अमितेश तिवारी जी को नगर उपाध्यक्ष, सत्यम शुक्ला जी को संगठन मंत्री, आकाश दीक्षित जी को मंत्री, उदय सिंह जी, सचिन पंडित जी को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष साहिल गर्ग जी, मंत्री अजय बाजपेई जी, विधि सलाहकार निर्भय मिश्र जी, राहुल अवस्थी जी, राजू मिश्र जी, आदित्य चौहान जी, अंश गुप्ता जी, समर जी, आयुष जी, अध्यन जी, टिंकू जी, सौरभ जी, हर्ष जी, आदित्य जी, मोहित जी, धीरज जी, सुधांशु जी, मुकुल जी, उत्कर्ष जी, रिसान्त जी, मयंक जी, आधार जी, प्रदीप जी, सचिन जी, राज सक्सेना जी, अंश शुक्ला जी, चंदन सिंह जी, पृथ्वी सक्सेना जी, अंकुल शर्मा जी आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की एक महत्वपूर्ण बैठक डाक बंगला पुवायां में हुई।



**संस्कार उजाला**

**जनपद शाहजहांपुर**

जिसमें सरदार सुखदेव सिंह खिण्डा, भारत सिंह यादव, शिशुपाल सिंह यादव, करमजीत सिंह एवं सुनील कुमार सिंह सैकड़ो किसान कार्यकताओं सहित भारतीय किसान यूनियन चढूनी में शामिल हुए। संगठन के शीर्ष नेतृत्व के अनुमोदन एवं प्रदेश प्रभारी श्री सूबे सिंह डागर की सहमती से संगठन के राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर जी ने सरदार सुखदेव सिंह खिण्डा को प्रदेश अध्यक्ष (तराई) मनोनीत किया। श्री सुखदेव सिंह खिण्डा ने श्री शिशुपाल सिंह यादव को बरेली मंडल का मंडल प्रभारी मनोनीत किया सुनील कुमार यादव को लखनऊ मंडल का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया एवं करमजीत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष तराई मनोनीत किया बरेली मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री सुखजीत सिंह औलख ने श्री भारत सिंह यादव को शाहजहांपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया एवं श्री तलविंदर सिंह को जिला प्रभारी मनोनीत किया।इस मौके पर प्रदेश सचिव भूपेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष पीलीभीत रंजीत सिंह काहलों, दिलबाग सिंह, सुखचैन सिंह, महेश चन्द्र वर्मा, मास्टर प्रयाग दत्त, संतोष कुमार, भाईलाल, सोनवीर सिंह, जबरसिंह, महेश सक्सेना, मोतीलाल, आनन्द प्रधान, जदुनाथ सिंह, कल्याण सिंह यादव,महिपाल सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बड़ा में बाराबफात के जुलूस के दौरान हादसा हो गया। ,यहां डीजे में करंट आ आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**संस्कार उजाला**

**जनपद शाहजहांपुर**



बड़ा जबकि 2 लोग झुलस गए। झुलसे लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना थाना बण्डा क्षेत्र के कुंवरपुर रत्ती गांव की है। बताया जा रहा है कि बाराबफात का जुलूस बण्डा नगर पंचायत के मुरादपुर खानका से जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही जुलूस डीजे के साथ कुंवरपुर रत्ती गांव पहुंचा। तभी अचानक डीजे ले जा रहे वाहन में भारी करंट आ गया। जिसकी चपेट में 45 साल के नजीर नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग झुलस गए हैं। जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि डीजे नीचे लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया था। जिसके बाद यह हादसा हुआ है। फिलहाल गंभीर रूप से झूम से लोगों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना नरैनी व बदौसा का किया गया औचक निरीक्षण

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा सोमवार दिनांक 16 सितंबर 2024 को थाना बदौसा व दिनांक 15 सितंबर 2024 की देर शाम थाना नरैनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को



चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारण का प्रयास किया जाए। इसी क्रम में चौकी खुरहंड का भी निरीक्षण किया गया तथा मिली कमियों को दूर करने हेतु चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया। थाना नरैनी पर विवेचकों का अर्दली रुम किया गया तथा पेण्डिंग विवेचना की समीक्षा करते हुए सभी विवेचकों को विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# सांसद राज्यसभा ने संपर्क मार्गो के मरम्मत हेतु मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**संस्कार उजाला**



**जनपद शाहजहांपुर** की तहसील पुवायां में दशकों वर्ष पूर्व मंडी परिषद द्वारा बनाई गई सड़के जोकि पूर्णता क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, से अवगत कराया है।पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि विकासखंड पुवायां अंतर्गत पुवायां निगोही मार्ग पर ग्राम सोनारा बुजुर्ग से घनश्याम खुर्द तक, विकासखंड बंडा अंतर्गत बंडा पुवायां मार्ग पर चिल्हौटा मोड़ से नवलपुर चिंता होते हुए जमुनिया मोड़ तक, विकासखंड खुटार के पुवायां खुटार मार्ग से अंडहा होते हुए पिपरिया भागवंत तक, पुवायां खुटार मार्ग पर ग्राम ढाका से दलीपपुर होते हुए सिकंदरपुर कैहमारिया संपर्क मार्ग पूर्णता क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। साथ ही ग्राम रसवाकलॉ से राठ होते हुए कुंभिया माफी तक संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसके कारण रसवाकलां-कुंभिया माफी मार्ग पर मरम्मत न होने को लेकर लोकसभा चुनाव में जनता ने मतदान का बहिष्कार भी किया था। जो कि उनके द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद मतदान शुरू हो पाया था।बहीं मुख्यमंत्री से जनहित में निम्न संपर्क मार्गो को मंडी परिषद से लोक निर्माण विभाग में परिवर्तित कर मरम्मत हेतु आदेशित करने की मांग की है।

# बुंदेलखंड के उद्धार हेतु कई संगठनों ने मिलकर उठाई आवाज

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

बांदा में बुंदेलखंड प्रथक राज्य निर्माण के लिए संघर्ष कर रहे सभी संगठनों के प्रमुख, अध्यक्षो की एक बैठक का आयोजन/ जिसमें बुंदेलखंड अलग राज्य किए जाने की मांग की गई। जिसके लिए बुंदेलखंड प्रथक राज्य आंदोलन की मांग करने वाले सभी संगठनों को एक जुट करने का सार्थक प्रयास किया गया जो कि सफल भी रहा सभी संगठनों के अध्यक्षो ने एक स्वर में बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने के लिए संघर्ष करने की बात कही जिसमे नौ सदस्यीय कमेटी राज्य निर्माण की आगे की रणनीति तैयार करेंगे जिसमे प्रमुख संगठन निम्न है। (1)बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक रमेश चंद्र दुबे,




(2) बुंदेलखंड जनशक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक सुशील द्विवेदी राष्ट्रीय महामंत्री राकेश यादव, (3) बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय प्रमुख डाल चंद्र, (4) बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, (5) बुंदेली सेना के अध्यक्ष भानू मिश्र जी (6) भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी (7) अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी कल्याण परिसद के प्रदेश महामंत्री संजय द्विवेदी जी हड़हा, मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश (8) अधिवक्ता परिसद से सदस्य कृष्ण दत्त मिश्रा, शिवदयाल पटेल, अवधेश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष बार संघ बाँदा (9 )आ भा कल्याण महा परिषद से लल्लू जी एड आदि सैकड़ो की संख्या में बुंदेलखंड राज्य निर्माण की चाह रखने वाले युवा साथी ,छात्र, बुजुर्ग उपस्थित रहे जिन्होंने एक स्वर में बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग की और आगे की रणनीति तैयार की जिसमे प्रमुख तौर पर 1. बुंदेला रेजिमेंट की मांग,2. बुंदेलखंड के प्रत्येक जिले में एक विश्वविद्यालय की मांग की गई, 3 .बुंदेलखंड क्षेत्र से नौजवानों का पलायन रोका जाए, 4. बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाए, 5. बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे टोल टैक्स फ्री किया आदि प्रमुख मांग रही।

## पहली बार सेना मुख्यालय पहुंचे यूनुस, जनरल ने किया स्वागत



ढाका। बांग्लादेश अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने पहली बार सेना मुख्यालय का दौरा किया जहां उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई। सेना मुख्यालय पहुंचने पर सेना प्रमुख जनरल वकार–उज–जमां ने यूनुस का स्वागत किया। यूनुस द्वारा दिए गए निर्देश सामूहिक रूप से भविष्य की कार्य योजना के निर्माण और इन्हें लागू करने के लिए प्रभावी भूमिका निभाने में बहुत मददगार होंगे। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन, गृह सलाहकार रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल जहांगीर आलम चौधरी, रक्षा एवं राष्ट्रीय एकता के मामलों के यूनुस के विशेष सहायक रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल अब्दुल हाफिज, कैबिनेट सचिव महबूब हुसैन, नौसेना और वायु सेना के प्रमुख और कई कानून प्रवर्तन और बांग्लादेश की खुफिया एजेंसियों के प्रमुख भी वहां मौजूद थे।

## ट्रंप पर हुए हमले की राष्ट्रपति बाइडेन ने की कड़ी निंदा



वाशिंगटन(ईएमएस)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गोलीबारी की घटना के दौरान सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए सुरक्षा में तैनात अधिकारियों की प्रशंसा की। जांचकर्ताओं ने पुष्टि की है कि रविवार को रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या का प्रयास किया गया था। बाइडेन ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप के गोल्फ क्लब में गोलीबारी के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद कहा, जैसा कि मैंने कई बार कहा है, हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, और मैंने अपनी टीम को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है कि सीक्रेट सर्विस के पास पूर्व राष्ट्रपति की निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी संसाधन, क्षमता और सुरक्षात्मक उपाय हैं।

## अब्राहम समझौते के चार साल पूरे... क्या आगे भी रहेगा कायम

तेल अवीव। 15 सितंबर को अब्राहम समझौते के चार साल पूरे हो गए हैं। चार साल पहले, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रियों ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने समझौते को इतिहास की दिशा बदलने और एक नए मध्य पूर्व की सुबह के रूप में पेश किया था। इस समझौते के साथ बहरीन और यूएई ने इजरायल के साथ अपने रिश्तों को सामान्य किया, और बाद में मोरक्को भी इस समझौते में शामिल हुआ। हालांकि, समझौते के चार साल पूरे होने के बाद, इजरायल गाजा में हमास के साथ एक गंभीर संघर्ष में उलझा हुआ है। ईरान और उसके प्रॉक्सी भी इजरायल के खिलाफ लगातार हमलावर बने हुए हैं। इस संघर्ष ने अब्राहम समझौते पर दबाव डाला है, लेकिन फिर भी वर्तमान में बहरीन, यूएई, और मोरक्को के साथ इजरायल के रिश्ते बरकरार हैं। मध्य पूर्व के जानकार बताते है कि गाजा संघर्ष ने इन देशों के साथ इजरायल के रिश्तों पर तनाव पैदा किया है, लेकिन इसके बावजूद एक उम्मीद की किरण दिखाती है। रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के वरिष्ठ अधिकारियों ने युद्ध के दौरान केवल राष्ट्रपति इसाक हेर्जोग और वित्त मंत्री नील बरकत ने ही अरब देशों की यात्रा की है, जो द्विपक्षीय यात्रा नहीं थी। यूएई के सलाहकार अनवर गरगश ने हाल ही में इस स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यूएई ने एक रणनीतिक फैसला लिया है और यह दीर्घकालिक है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक फैसलों के मार्ग में बहुत सारी बाधाएं आती हैं, और हम इस समय गाजा युद्ध जैसी एक बड़ी बाधा का सामना कर रहे हैं, लेकिन हम इस पार करने वाले है। इसके बावजूद, अब्राहम समझौते के प्रभावी रहने की उम्मीद बनी हुई है। सभी पक्ष शांति और सहयोग को प्राथमिकता दे रहे हैं, और इस संघर्ष के बावजूद मध्य पूर्व में स्थिरता की दिशा में काम जारी है।

## हम गाजा के लोगों की बुनियादी ज़रूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहे-सेग्रिड

तेलअवीव। गाजा में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक वरिष्ठ अधिकारी सेग्रिड काग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस क्षेत्र में बेगुनाह लोगों को निराश किया है। सेग्रिड काग गाजा में मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण काम की देखरेख कर रही हैं। वह इस क्षेत्र में नौ महीने पहले नियुक्त की गई थीं। उनको मानवीय मदद पहुंचाने की ज़िम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र को जो रिपोर्ट सौंपने वाली हैं वह काफ़ी निराश करने वाली है। सेग्रिड काग ने गाजा की मौजूदा स्थितियों को आपदा बताया है। उन्होंने कहा कि हम गाजा के लोगों की बुनियादी ज़रूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उनके मन में बेहतरी की उम्मीद और संभावनाएं पैदा करना बहुत दूर की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा काम करने के लिहाज से दुनिया की सबसे असुरक्षित जगहों में से एक है। सेग्रिड के मुताबिक़ हमास–इजराइल के बीच युद्धविराम होने तक इस स्थिति में कोई भी सुधार आना बहुत मुश्किल है।

## चीन में आया बेबिनका तूफान, लाखों लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

बीजिंग। भारी बारिश के बाद की मार झेल चुके चीन में बेबिनका तूफ़ान ने दस्तक दे दी है। यह तूफान सोमवार को शंघाई के तटीय इलाके से टकराया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह पिछले 75 सालों में शंघाई से टकराने वाला सबसे भीषण तूफ़ान है। इस तूफ़ान से लोगों को बचाने शंघाई में हज़ारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चीन के मौसम विभाग ने बताया कि बेबिनका तूफ़ान सोमवार सुबह स्थानीय समयनुसार के मुताबिक करीब साढ़े सात बजे शंघाई के तटीय इलाके लिनगैंग से टकराया। सावधानी बरते हुए रविवार की शाम को ही करीब चार लाख से ज़्यादा लोगों को महानगर इलाके से बाहर निकाल लिया गया था। इसके अलावा चोनगामिंग ज़िले से भी नौ हज़ार लोगों सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। चोनगामिंग यांग्से नदी के किनारे पर स्थित द्वीप है जो शंघाई का ही एक हिस्सा है। इस तूफ़ान की वजह से चीन में सैकड़ों हवाई उड़ानों को भी रद्द कर दिया गया है। तूफ़ान के खतरे को देखते हुए कई हाईवे भी बंद कर दिए गए हैं।

## म्यांमार में बाढ़ से अब तक 113 लोगों की मौत, 64 लापता

यांगून। म्यांमार में व्यापक बाढ़ के कारण 113 लोगों की मौत हुई और 64 लापता हैं। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ ने ने–पी–ता, काया राज्य, कायिन राज्य, बागो, मैगवे, मांडले इलाकों सहित मोन और शान राज्य तथा अयेयारवाडी क्षेत्र को प्रभावित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 सितंबर की शाम तक 72,900 से अधिक घर और 78,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं, जिससे देश भर में 320,000 से अधिक लोगों को अस्थायी आश्रय गृह में पनाह लेनी पड़ी।



लास एंजिल्स में एमी अवार्ड समारोह में ड्रामा सीरीज शोगुन के लिए अन्ना सवाई को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड मिला।

## नौ हफ्ते में दूसरी बार ट्रंप पर हुआ जानलेवा हमला, 300 मीटर दूरी से चली दनादन गोलियां



**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने फ्लोरिडा स्थित घर में गोल्फ खेल रहे थे, तभी लगभग 300 मीटर की दूरी पर कोर्स के किनारे झाड़ियों के बीच से किसी ने गोली चलाई। हमलावर ने जैसे ही गोली चलाई सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी हमला कर बंदूकधारी को गिरफ्तार कर लिया। नौ हफ्ते के भीतर ट्रंप पर ये दूसरा हमला है। एफबीआई ने इसे हत्या का प्रयास बताया है। सीक्रेट सर्विस एजेंट ने हमलावर द्वारा हमला करने के बाद ही उस पर जवाबी कार्रवाई की और उसके बाद वो राइफल छोड़कर एक कार से भागने की कोशिश कर रहा था तभी उसका पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के पास एक बन्दूक, दो बैकपैक, एक गोप्रो कैमरा बरामद हुआ है। मार्टिन काउंटी के शेरिफ विलियम स्नाइडर ने बताया कि पकड़े जाने के बाद, आरोपी शांत था और कुछ बोला नहीं। स्नाइडर ने कहा कि मामले में अभी जांच चलेगी।

फिलहाल ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये गोलीबारी ट्रंप को ही निशाना बनाकर की गई थी या कोई और कारण था। हालांकि, एफबीआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया ये ट्रंप की ही हत्या का प्रयास लग रहा है। बता दें कि 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप को गोली मार दी गई थी। हालांकि, गनीमत रही कि गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई। खबरों के मुताबिक हिरासत में लिए गए आरोपी की पहचान रयान रोथ के रूप में हुई है। एफबीआई हत्या के प्रयास की जांच कर रही है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है और वो 2002 में हथियार रखने का दोषी ठहराया गया था। आरोपी रयान रोथ ट्रंप का आलोचक है और डेमोक्रेट का समर्थन करता है। हमले के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी बयान आया। उन्होंने अपने समर्थकों से अपील की कि वो किसी भी अफवाह पर भरोसा ना करें और ये जान लें कि वो पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भी हो जाए मैं सरेंडर करने वाला नहीं हूं। घटना के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति हमला हैरिस को जानकारी दी गई। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन को यह जानकर खुशी है कि ट्रंप सुरक्षित हैं। डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद की प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस ने कहा कि अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

## मस्क ने उठाया सवाल बोले– बाइडेन और कमला पर क्यों नहीं होते हमले



पेरिस। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की दूसरी कोशिश के बाद अमेरिकी खुफिया विभाग एफबीआई मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने कंफर्म किया है कि ट्रंप की हत्या का प्रयास किया गया है लेकिन, मकसद अभी अस्पष्ट है। आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। उसका पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। रिपोर्ट है कि आरोपी यूक्रेन समर्थक है और डेमोक्रेटिक पार्टी को सपोर्ट करता है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच टेक अरबपति एलन मस्क ने विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट से सनसनी मचा दी है। उन्होंने सवाल किया कि सिर्फ ट्रंप पर ही जानलेवा हमले क्यों हो रहे हैं? जो बाइडेन या कमला हैरिस पर हत्या का प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है?

टेक अरबपति एलन मस्क ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरे हत्या के प्रयास पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक एक्स यूजर ने मस्क की पोस्ट पर रिप्लाई किया था कि वे डोनाल्ड ट्रम्प को क्यों मारना चाहते हैं? इसका जवाब देते हुए, टेस्ला के सीईओ ने कहा, और कोई भी बाइडेन या कमला हैरिस की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है। इस साल जुलाई में मस्क ने आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रम्प को अपना समर्थन देने की घोषणा की थी।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे बांग्लादेश को अमेरिका देगा 20 करोड़ डॉलर

**ढाका(एजेंसी)।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां के आर्थिक हालात बिगड़े हुए हैं। उन्हें सुधाने के लिए अमेरिका ने अब बांग्लादेश के लिए खजाने का दरवाजा खोल दिया है। अमेरिका बांग्लादेश को विकास संबंधी परियोजनाओं, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका करीब 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया करेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि आर्थिक संबंध प्रभाग के अतिरिक्त सचिव एकेएम शहाबुद्दीन और यूएसएआईडी के मिशन निदेशक रीड जे. एस्क्लिमन ने अपने-अपने देश की सरकारों की ओर से ढाका में डीओएजी के छठे संशोधन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत यूएसएआईडी सुशासन, सामाजिक, मानवीय और आर्थिक क्षेत्रों में अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश को 20.22 करोड़ अमेरिकी डॉलर देगा। यूएसएआईडी-बांग्लादेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूएसएआईडी ने विकास संबंधी कार्यों, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र और शासन को मजबूत करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार और पूरे देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने एक उच्च-स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर बांग्लादेश के पुनर्निर्माण, महत्वपूर्ण सुधारों को पूरा करने के संबंध में अमेरिका से सहयोग का आग्रह किया था।

## चीन के एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान से उड़ान भरेंगे लड़ाकू विमान

### –जे–35 स्टील्थ फाइटर जेट का किया जा रहा परीक्षण


**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन अपने एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर तैनात करने के लिए जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट का परीक्षण कर रहा है। फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापुल्ट सिस्टम से लैस है, जो भारी से भारी विमानों को भी आसानी से टेकऑफ करा सकता है। इसे अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड के बराबरर माना जाता है। हालांकि यह भी समुद्री परीक्षण के दौर से गुजर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की शुरुआत में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) नेवी के पहले एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग पर एक नए प्रकार के युद्धक विमान का परीक्षण किया था। नया विमान लंबे समय से प्रतीक्षित जे-35 हो सकता है। इसे एफसी-31 के नाम से भी जाना जाता है। यह चीन का नेक्स्ट जेनरेशन कैरियर बेस्ड फाइटर जेट भी है। पाकिस्तान इसी विमान का एक अलग वेरिएंट खरीदने की योजना बना रहा है। हालांकि, चीन ने पाकिस्तान को एफसी-31 बेचने को लेकर अभी मंजूरी नहीं दी है। चीन के पास वर्तमान में दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, लिओनिंग, जो सोवियत युग के जहाज का एक नया रूप है और दूसरा-शेडोंग, जो 2019 में कमीशन किया गया दूसरा स्वदेशी रूप से निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर है।

चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान दोनों एयरक्राफ्ट कैरियर से बड़ा है। फुजियान की विस्थापन क्षमता 80 हजार टन है। वर्तमान में इस एयरक्राफ्ट कैरियर का समुद्री परीक्षण चल रहा है। यह पूरी तरह से घरेलू रूप से विकसित और निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसमें अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड के समान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम लगे है। वहीं, चीन के बाकी के दो एयरक्राफ्ट कैरियर स्की जंप टेक ऑफ रैंप से लैस हैं। सिर्फ फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर में ही फ्लैट-टॉप फ्लाइट डेक है।

चीन अभी तक एयरक्राफ्ट कैरियरों से जे-15 विमान संचालित करता है। विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया कि चीन के पास अब सेवा के लिए तैयार एक नए प्रकार का एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट होने वाला विमान है। रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की कि नया लड़ाकू विमान न केवल चीन के तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर ऑपरेशनल है, जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट से सुसज्जित है, बल्कि पिछले दो कैरियरों लियाओनिंग और शेडोंग से भी उड़ान भर रहा है।

## संविधान में संशोधन करने जा रहा उत्तर कोरिया, पडोसी देशों से बढ़ सकता है टकराव!



**सोल(एजेंसी)।** अपनी सनक के लिए जग जाहिर उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन दक्षिण कोरिया को अपना मुख्य दुश्मन मानता है। आए दिन दोनों देशों के बीच टकराव की खबरें भी आती रहीं हैं। इसी बीच उत्तर कोरिया ने कुछ दिन पहले घोषणा कर दी कि वो संविधान में संशोधन करेगा। इसके बाद संविधान संशोधन पर काम शुरु किया गया।किम के आदेशानुसार एकीकरण संबंधी धाराएं हटा दी गईं तथा समुद्री सीमा सहित देश की क्षेत्रीय सीमाओं को नए सिरे से निर्धारित किया गया। इससे दक्षिण कोरिया से टकराव बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है।

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने पहले कहा था कि उत्तर कोरिया अपनी अगली एस।पी।ए। बैठक में 1991 में हस्ताक्षरित अंतर-कोरियाई बुनियादी समझौते को रद्द कर सकता है। बता दें कि 1991 के समझौते के तहत अंतर-कोरियाई संबंधों को एक विशेष संबंध के रूप में परिभाषित किया गया था। केसीएनए ने कहा कि देश के समाजवादी संविधान में संशोधन और उसे त्रुटि मुक्त (पूरक) करने के साथ ही उत्तर कोरिया हल्के उद्योग और बाह्य आर्थिक मामलों पर कानूनों पर विचार-विमर्श और उन्हें अपनाने तथा गुणवत्ता नियंत्रण कानून के प्रवर्तन की निगरानी के मुद्दे पर भी चर्चा करेगा।

उत्तर कोरिया अगले महीने एक महत्वपूर्ण संसदीय बैठक आयोजित करेगा। बैठक में मुख्य रूप से देश के संविधान में संशोधन किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को राज्य मीडिया ने दी। इससे पहले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन ने दक्षिण कोरिया को अपना मुख्य दुश्मन बताने के लिए संवैधानिक संशोधन का आह्वान किया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) का 11वां सत्र 7 अक्टूबर को प्योंगयांग में आयोजित किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में एसपीए की बैठक में उत्तर कोरिया के नेता ने संविधान में संशोधन कर दक्षिण कोरिया को अपना प्रमुख शत्रु बताया था। वहीं, युद्ध की स्थिति में दक्षिण कोरियाई क्षेत्र पर पूर्ण कब्जा करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई थी।गौरतलब है कि एसपीए उत्तर कोरिया के संविधान के तहत राज्य सत्ता का सर्वोच्च अंग है, लेकिन वास्तव में यह सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के निर्णयों पर केवल मुहर लगाता है। इस बीच, उत्तर कोरिया द्वारा नए एसपीए प्रतिनिधियों को चुनने के लिए शीघ्र ही चुनाव कराने की संभावना है, क्योंकि उसने अगले महीने संसदीय बैठक बुलाने की घोषणा की है।

## पाकिस्तान के साथ परमाणु संधि करनी होगी: प्रो. शाहिदुज्जमां

### –बांग्लादेश भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान से दोस्ती की डगर पर?

**ढाका (एजेंसी)।** ढाका विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर ने कुछ ऐसा बयान दिया है, जो भारत विरोधी है। बयान सुनकर ऐसा लगता है कि बांग्लादेश भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान से दोस्ती की तरफ आगे बढ़ रहा है। ढाका यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर शाहिदुज्जमां ने एक सेमिनार के दौरा बांग्लादेश के लिए न्यूक्लियर हथियारों की बात की और भारत को एक बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान के साथ परमाणु संधि करनी होगी। पाकिस्तान, बांग्लादेश का सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद सुरक्षा सहयोगी है। यह वही बात है, जिस पर भारतीय हमें विश्वास नहीं कराना चाहते।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तकनीकी सहायता के बिना भारत को रोका नहीं जा सकता। प्रोफेसर शाहिदुज्जमां ने कहा, पाकिस्तान हमेशा से बांग्लादेश का सबसे भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार रहा है, बांग्लादेश को पाकिस्तान की तरफ झुकना चाहिए। प्रोफेसर शाहिदुज्जमां ने आगे कहा, पाकिस्तानियों का दिल ईर्ष्यालु है। वे नहीं चाहते कि हम माफी मांगें लेकिन वे यह भी नहीं चाहते कि हम भारत के साथ रहें। वे हमें भारत से बचाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

प्रोफेसर शाहिदुज्जमां ने पाकिस्तान से परमाणु मिसाइलें हासिल करने और उन्हें भारत की सीमा पर तैनात करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि उत्तरी बंगाल और चटगांव पहाड़ी इलाकों में पाकिस्तान की गौरी शॉर्ट-रेंज मिसाइलों को तैनात करने से भारत पर निवारक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत, बांग्लादेश के कुछ हिस्सों पर कब्जा करके उसे पूर्वोत्तर राज्यों का हिस्सा बनाना चाहता है और इसे रोकने के लिए परमाणु संधि और पाकिस्तानी मिसाइलों को हासिल करने के मामले में मदद की जरूरत है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया डॉ मोहम्मद यूनुस ने पिछले दिनों अपने पड़ोसी देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध रखने की बात कही थी। उन्होंने कहा था बांग्लादेश, भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहता है। यह 'निष्पक्षता और समानता' के आधार पर होना चाहिए। यूनुस ने अपने संबोधन में बताया कि अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में शपथ लेने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित कई अन्य देशों के नेताओं ने उन्हें बधाई देने के लिए फोन किया था। उन्होंने कहा, हम भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं, लेकिन ये संबंध निष्पक्षता और समानता के आधार पर होने चाहिए।



# हरियाणा में दिलचस्प होगा चुनावी दंगल, कहीं भाई-बहन तो कहीं चाचा-भतीजा हुए आमने-सामने




**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर प्रचार-प्रसार शुरु हो गया है। इस बार चुनावी दंगल में उतरे प्रत्याशियों को देखकर लगता है कि प्रदेश में कई विधानसभा सीटों पर मुकाबला काफी दिलचस्प होगा। हरियाणा की कईं विधानसभा अभी से हॉट सीट बन चुकी है। कहीं पर सत्ता में भागीदार रहे नेता आमने-सामने हैं तो कहीं पर एक ही परिवार के नेता।

### साढ़े 4 साल सत्ता में रहे, अब बीजेपी को घेरने में जुटे

हरियाणा की उचाना सीट पर इस बार एक अजीब स्थिति बन चुकी है। यहां जेजेपी की ओर से पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चुनावी ताल ठोक रहे हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री बृजेंद्र सिंह को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इन दोनों नेताओं में एक बात कॉमन है, वह यह कि दोनों नेता साढ़े चार साल तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार का हिस्सा रहे हैं। बृजेंद्र सिंह बीजेपी सांसद के रूप में सरकार का हिस्सा थे और दुष्यंत चौटाला हरियाणा में गठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री थे। ऐसे में किसी समय सरकार के कामों की तारीफ करने वाले इन दोनों नेताओं के समक्ष मौजूदा सरकार को घेरने की रहेगी।

### देवीलाल का परिवार आमने-सामने

सिरसा जिले की डबवाली सीट पर भी मुकाबला रोचक होने वाला है। यहां पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल का परिवार आमने-सामने हो गया है। जेजेपी ने देवीलाल के पडपौत्र दिग्विजय चौटाला को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं इनेलो ने देवीलाल के पौते आदित्य देवीलाल तो पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। टिकट नहीं मिलने की आशंका चलते आदित्य देवीलाल बीजेपी छोड़कर इनेलो में शामिल हुए थे। आदित्य देवीलाल बीजेपी में कई पदों पर रहते हुए मनोहर सरकार में चेयरमैन भी थे। इस पद पर रहते हुए उन्होंने बीजेपी सरकार की जमकर तारीफें कीं और अब विरोध में आकर चुनाव लड़ रहे हैं।

### भाई-बहन लड़ेंगे राजनीतिक विरासत की लड़ाई

ऐसे ही हालात भिवानी जिले की तोशाम विधानसभा सीट के भी हैं। यहां हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को लेकर चचेरे भाई-बहन आमने-सामने हैं। बीजेपी की ओर से यहां बंसीलाल के बेटे स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को पार्टी उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं कांग्रेस ने बंसीलाल के दूसरे बेटे रणबीर महेंद्रा के बेटे अनिरुद्ध चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर चचेरे भाई-बहन के बीच चौधरी बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को संभालने को लेकर जंग होगी।

## हरियाणा चुनाव के पहले अचानक लापता हुआ इनेलो-बसपा का कैंडिडेट, तलाश में जुटी पुलिस



बहादुरगढ़ । झज्जर जिले की बादली विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी और इनेलो गठबंधन के साझा प्रत्याशी महेंद्र सिंह दो दिन से लापता होने की चर्चा गर्म हैं। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने काफी खोजबीन की, मगर इसके बावजूद भी गांव पेलपा निवासी महेंद्र सिंह का कोई पता नहीं चल सका है। महेंद्र सिंह के लापता होना चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ तो बसपा-इनेलो कार्यकर्ता पुलिस को लिखित शिकायत देकर उन्हें ढूंढने की बात कह रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ डीसीपी शुभम सिंह का कहना है कि पुलिस के पास कोई सूचना नहीं होने की बात कही जा रही है। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश दोचनियां, प्रदेश महासचिव प्रवीण फतेहपुरी और उनकी टीम जब बसपा प्रत्याशी महेंद्र के घर पहुंचे तो महेंद्र की पत्नी शिक्षा देवी ने कहा कि उनके पति अपने रिश्तेदारी में या अन्य परिजनों के पास पैसे लेने की बात कह कर गए था, लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी नहीं लौटे है। उन्होंने बताया कि परिजन काफी परेशान है और वह इस गुमशुदगी को लेकर एसडीएम बादली से मिले और बीएसपी पदाधिकारियों ने महेंद्र का पर्चा रद्द न करने की मांग की। वहीं एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी महेंद्र का पर्चा रद्द नहीं होगा, जब तक प्रत्याशी स्वयं पर्चा रद्द न करवाए। तब तक पर्चा रद्द नहीं माना जाता। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश दौचानिया व प्रदेश के महासचिव प्रवीण फतेहपुरी ने बताया कि वे पुलिस में भी कंप्लेंट दर्ज करवाएंगे। वहीं बादली के डीसीपी शुभम सिंह का कहना है कि उनके पास सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली थी। पुलिस की एक टीम महेंद्र के घर भी भेजी गई थी लेकिन अभी तक किसी ने भी पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी है। उनका कहना है कि इस मामले में अगर पुलिस के पास कोई शिकायत आएगी तो इस सम्बंध में कार्रवाई जरूर की जाएगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही है।

## बेटे भव्य के प्रचार में उतरे कुलदीप बिश्नोई का भारी विरोध, लोगों से हुई तीखी नोंकझोंक



आदमपुर। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आज नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन है। चुनाव के लिए प्रचार शुरू होते ही बीजेपी और जननायक जनता पार्टी के नेताओं व उम्मीदवारों का जबरदस्त विरोध शुरू हो गया है। आज भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई आदमपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार अपने बेटे भव्य बिश्नोई के लिए प्रचार करने गांव कुतियावाली पहुंचे। यहां उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान कुलदीप बिश्नोई की लोगों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों का कहना है कि इस विरोध को फोन में रिकॉर्ड कर रहे एक ग्रामीण का कुलदीप के समर्थकों ने छीनकर मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं और लोगों के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुलदीप ने उनके गांव की अनदेखी की है। यहां कोई काम उन्होंने नहीं करवाया। आज जब कुलदीप अपने बेटे भव्य के लिए प्रचार करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और सवाल पूछने लगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने इनेलो के लिए मांगा वोट, समर्थकों ने कुर्ता खींच दिलाया याद... आपका निशान हाथ का पंजा है...



फतेहाबाद। हरियाणा में कई नेताओं ने अपने दल बदल लिये हैं, जिनमें कुछ विधानसभा चुनाव में फाइट कर रहे हैं। ऐसे कई नेता हंसी के पात्र बन जाते हैं। ऐसा ही एक मामला फतेहाबाद से सामने आया है। जब फतेहाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी ने बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपनी जनसभा में इनेलो के लिए जनता से वो मांग लिया। इस जनसभा में जमकर ठहाके लगे। दरअसल दौलतपुरिया की वोट की अपील करते हुए जुबान फिसल गई है। उन्होंने कहा कि आप सब से मेरी अपील है कि चश्मे के सामने वाला बटन दबाकर हमें विजयी बनाएं। इस दौरान वह एक फ्लो में बोलते चले गए। उन्हें जरा सा भी इल्म नहीं था कि उन्होंने हाथ के पंजे की जगह चश्मा बोल दिया है। बलवान सिंह ने ऐसा एक बार नहीं बल्कि बार-बार कहा। इसके बाद स्टेज पर बैठे बलवान सिंह के समर्थकों ने उनका कुर्ता खींचकर उन्हें गलती याद करवाई। बलवान सिंह दौतलपुरिया फिर भी नहीं समझे। इसके बाद समर्थकों ने उन्हें बताया कि आप कांग्रेस प्रत्याशी हैं और इनेलो के लिए वोट मांग रहे हैं।

## सिरसा विधानसभा सीट से बीजेपी वापस ले सकती है नामांकन, गोपाल कांडा को करेगी सपोर्ट !

सिरसा । हरियाणा में विधानसभा चुनाव में नामांकन वापस लेने की आज आखिरी तारीख है। सिरसा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रोहताश जांगड़ा आज अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। भाजपा इस सीट पर हरियाणा लोकहित पार्टी के उम्मीदवार गोपाल कांडा को समर्थन दे सकती है। इसके संकेत रोहताश जांगड़ा ने खुद दिए हैं। जांगड़ा का कहना है कि पार्टी कार्यालय में मीटिंग बुलाई गई है। पार्टी जो भी आदेश देगी, वह मानने के लिए तैयार हैं। हमारा बस एक ही लक्ष्य है कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार बननी चाहिए। उधर एक दिन पहले गोपाल कांडा ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अब भी NDA का हिस्सा हैं। जीतने के बाद भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाएंगे। उनका परिवार शुरू से ही RSS से जुड़ा हुआ है। पिता मुरलीधर कांडा जनसंघ की टिकट पर 1952 में डबवाली सीट से चुनाव लड़ चुके हैं और मेरी माता आज भी भाजपा को ही वोट डालती हैं। गोपाल कांडा 2019 में सिरसा सीट से विधायक बने थे। जिसके बाद उन्होंने भाजपा को समर्थन दे दिया। 2024 विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे के दौरान चर्चा थी कि भाजपा गोपाल कांडा को सिरसा सीट दे सकती है। हालांकि भाजपा ने यहां रोहताश जांगड़ा को उम्मीदवार घोषित कर दिया। अगले ही दिन गोपाल कांडा की पार्टी हलोपा और इंडियन नेशनल लोकदल में गठबंधन हो गया।

## अनिल विज के मुख्यमंत्री बनने की इच्छा पर बोले भूपेंद्र हुड्डा, कहा- देश में प्रजातंत्र है, कोई भी सीएम बन सकता है



**रोहतक ।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बहादुरगढ़ के आसौदा गांव से प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। उनका कहना है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। 36 बिरादरी के जन समर्थन के साथ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसके साथ ही चौधरी भूपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री एवं भाजपा नेता अनिल विज की मुख्यमंत्री बनने की इच्छा पर भी अपना बयान दिया। उन्होंने कहा कि देश में प्रजातंत्र है और कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है।

भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बहादुरगढ़ में सिर्फ राजेंद्र सिंह जून ही उनके उम्मीदवार हैं। राजेंद्र जून सच्चा और ईमानदार है । इसके अलावा हुड्डा ने कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जनसभा में कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो प्रदेश में बुढ़ापा पेंशन बढ़ाकर 6 हजार रुपये कर दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को 2 लाख पक्की नौकरी देने का भी वायदा मंच से किया। भूपेंद्र हुड्डा ने सरकार बनने के बाद किसानों के लिए एमएसपी लागू करने का भी आश्वासन दिया है।

वहीं बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र सिंह जून का कहना है कि हरियाणा में एक बार फिर से चौधरी भूपेंद्र हुड्डा ने नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और जिस तरह से कांग्रेस के पिछले 10 साल के कार्यकाल में बहादुरगढ़ हल्के में विकास कार्य हुए थे । उसी तरह से एक बार फिर से बहादुरगढ़ में विकास कार्यों की झड़ी लगने वाली है।

## अंबाला पहुंचकर दीपेंद्र ने रूठों को मनाया, जसबीर मलोर व हिम्मत सिंह ने नामांकन वापसी का किया ऐलान



**अंबाला।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी का अंतिम दिन। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां इस समय रुठों को मनाने में लगी हुई हैं। कई सीटों पर भाजपा और कांग्रेस से बागी होकर नेताओं ने निर्दलीय नामांकन कर दिया है। जिसके बाद पार्टी के बड़े नेता अपने नेताओं को समझा बुझाकर नामांकन वापिस करवा रहे है। इसी कड़ी में आज दीपेंद्र हुड्डा अंबाला पहुंचे। इस दौरान उनके साथ प्रताप बाजवा, हरीश चौधरी व सांसद वरुण मौजूद थे। सभी अंबाला शहर से कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर हिम्मत सिंह के घर पहुंचे। उसके सभी नेताओं ने हिम्मत सिंह से नामांकन वापिस लेने को कहा।

इस दौरान हिम्मत सिंह ने कहा वे निर्मल सिंह की पूरी मदद करेंगे और उन्हें जितवाकर चंडीगढ़ भेजने का काम करेंगे। वहीं निर्मल सिंह ने कहा हिम्मत सिंह पार्टी का बड़ा नाम हैं। वे साथ आ गए हैं मिलकर अंबाला के लिए काम करेंगे। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने नाराज ने नेताओ को मना लिया और कहा हिम्मत सिंह सिख नेता हैं। कांग्रेस के उनके वापिस लौटने से बहुत फायदा पार्टी को मिलने वाला है।

वहीं हिम्मत सिंह के अलावा पूर्व विधायक जसबीर मलोर भी टिकट न मिलने से नाराज होकर निर्दलीय नामांकन कर दिया था। हिम्मत सिंह के बाद सभी नेता जसबीर मलोर के घर पहुंचे। कुछ देर मान- मनौव्वल के बाद जसबीर मलोर ने भी नामांकन वापिस लेने का ऐलान कर दिया। वहीं जसबीर मलोर के नामांकन वापिस लेने पर प्रत्याशी निर्मल सिंह ने भी खुशी जताई।

## अंबाला के गांव शाहपुर में अनिल विज का विरोध, किसान और समर्थक हुए आमने-सामने, माहौल बिगड़ता देख निकले पूर्व गृहमंत्री

**अंबाला ।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियों का प्रचार अभियान तेजी से जारी है। इस बीच अंबाला कैंट में प्रचार अभियान के लिए पहुंचे पूर्व मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार अनिल विज को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विज अंबाला कैंट विधानसभा क्षेत्र के गांव शाहपुर पहुंचे थे, जहां किसानों ने उनका भारी विरोध किया।

शाहपुर गांव में विरोध जताने वाले लोग भारतीय किसान यूनियन (भगत सिंह गुट) से जुड़े थे। वह यूनियन के झंडे लेकर कार्यक्रम के अंदर पहुंच गए। हंगामे के दौरान विज समर्थकों ने भी %अनिल विज जिंदाबाद% के नारे लगाने शुरू कर दिए। दोनों पक्षों के आमने-सामने हो जाने और नारेबाजी से माहौल गर्मा गया। हंगामा बढ़ता देखकर अनिल विज प्रोग्राम बीच में ही छोड़कर शाहपुर गांव से रवाना हो गए।

### अनिल विज ने की सीएम पद की दावेदारी



हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को अनिल विज ने अपने एक बयान से प्रदेश की सियासत में हलचल पैदा करते हुए बीजेपी के लिए थोड़ी असहजता खड़ी कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी की बात कही है। उन्होंने अंबाला में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि %%मैं हरियाणा का वरिष्ठ विधायक हूं। मैं छह बार विधायक बन चुका हूं और सातवीं बार चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैंने आज तक पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा, लेकिन इस बार मुझ पर पूरे हरियाणा और अंबाला की जनता का मुख्यमंत्री बनने के लिए बहुत दबाव पड़ रहा है। इसलिए इस बार मैं वरिष्ठ नेता होने के दम पर मुख्यमंत्री पद का दावा करूंगा। वो मुझे सीएम बनाते हैं या नहीं ये उनका अधिकार क्षेत्र है। अनिल विज ने ये भी कहा कि अगर मुझे मुख्यमंत्री बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, मैं हरियाणा की तस्वीर बदल दूंगा।

## 'दावेदारी करने से नहीं, लीडरशिप से मुख्यमंत्री बनते हैं'..., अनिल विज के बयान पर दुष्यंत चौटाला ने किया कटाक्ष



गोहाना। जेजेपी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रविवार को गोहाना पहुंचे। यहां दुष्यंत चौटाला ने अनिल विज के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा दावेदारी करने से मुख्यमंत्री नहीं बनते लीडरशिप से मुख्यमंत्री बनते हैं। दौर पर बोलते हुई कहा मीडिया या हमारे तय करने से पार्टी का बुरा दौर नहीं होता इसका फैसला जनता के तय करने से होता है। कांग्रेस को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि दौर बुरा सब का आता है कांग्रेस को भी दस साल इंतजार करना पड़ा। भूपेंद्र सिंह हुडा के सरकार बनाने के दावे पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पांच साल में इसके अलावा कुछ नहीं कहा है, रिकॉर्ड उठाकर देख लो। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुडा का दस साल का क्रूर शासन लोग भूले नहीं है, कैसे मास्टरों पर गोली चलवाई और कैसे मारुति के कर्मचारियों को पार्क में बंधक बना कर पीटने का काम किया। किसानों पर लाठी बरसवाई थी। भूपेंद्र सिंह हुडा को वहम है कि कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस बार यह वहम भी जनता निकाल देगी। हमारी वोट हमारे संगठन से मिलती है अगर कांग्रेस के वोटर चौधरी देवीलाल को नीतियों पर वोट दे देते तो परिस्थियां बदल जाती। वहीं अनिल विज के सीएम के दावे को लेकर भी दुष्यंत चौटाला ने कहा कि दावे करने से कोई सीएम नहीं बनता सीएम बनता है, लीडरशिप से बनते है। सीएम नायब सैनी को भी पता है कि वे लाडवा से हार गए तो दिल्ली से पर्ची आएगी, जिसका नाम होगा वह सीएम बनेगा। किसी के दावे करने से सीएम नहीं बनते है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस बार त्रिकुश मुकाबला होगा जनता तय करेगी कौन जीतेगा।

## प्रधानमंत्री के मंच से खट्टर की दूरी...भाजपा का आया औपचारिक बयान, धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कारण



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में दिग्गज नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों का मोर्चा संभाल लिया है। बीते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मनगर कुरुक्षेत्र से चुनावी शंखनाद प्रचार अभियान की शुरुआत की। वहीं इस मंच पर चौकाने वाला नजारा दिखा। मंच पर प्रदेश के सभी नेता दिखे, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर नहीं दिखे। जिसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं शुरु हो गईं। वहीं आज भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान करनाल पहुंचे थे। उन्होंने करनाल में कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग ली।

बैठक खत्म होने के बाद धर्मेंद्र प्रधान पत्रकारों से रुबरु हुए। इस दौरान जब मनोहर लाल खट्टर के प्रधानमंत्री की रैली से किनारा करने का सवाल पूछा गया कि क्या वह नाराज हैं। उन्होंने एक औपचारिक बयान दिया। भाजपा नेता प्रधान ने कहा कि नहीं वह नाराज नहीं है। मनोहर लाल वरिष्ठ नेता हैं। काफी समय तक उन्होंने प्रदेश का कार्यभार संभाला है। अब वो राष्ट्रीय स्तर पर कार्यभार संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा स्वच्छता अभियान चलने जा रहा है। उसमें वह व्यस्त चल रहे हैं। इसलिए वह पीएम मोदी की रैली में नहीं आ पाए।

हालांकि जवाब से स्पष्ट है कि भाजपा का यह औपचारिक बयान है, लेकिन मनोहर लाल खट्टर की प्रधानमंत्री के मंच से दूरी कई सवालों को जन्म देती है। वहीं कुछ राजनीतिक जानकारों का कहना है कि प्रदेश में मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी है। इसलिए भाजपा उन्हें हरियाणा ज्यादा प्रोजेक्ट नहीं कर रही है।

## रुठों को मनाने में बीजेपी कामयाब, कार्यवाहक सीएम सैनी पहुंचे पूर्व मंत्री कविता जैन के घर, राजीव आज वापस लेंगे नामांकन

**सोनीपत ।** हरियाणा बीजेपी में इस चुनावी माहौल में लगातार नेताओं और कार्यकर्ताओं में रूठने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है तो आज हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और राजीव जैन को मनाने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने राजीव जैन व कविता के साथ मुलाकात की और दोनों को प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की मौजूदगी में मना लिया गया। अब आज राजीव जैन ने अपना निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जो नामांकन पत्र दाखिल किया था, उसको वापिस लेंगे। बीजेपी के लिए दोनों चुनाव प्रचार-प्रसार की कमान भी संभालेंगे।

बता दें कि पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन की टिकट काटकर बीजेपी ने सोनीपत से कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए मेयर निखिल मदान को उम्मीदवार बनाया तो कविता जैन और राजीव जैन के तल्ख तेवर पार्टी को उठाने पड़े। राजीव जैन ने तो आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र भी भर दिया। उसके बाद पार्टी आलाकमान ने दोनों को मानने की जिम्मेदारी कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली को सौंपी।

हालांकि मोहनलाल तो दोनों को मानने में कामयाब नहीं हुए, लेकिन आज खुद कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राजीव जैन के आवास पर पहुंचे और राजीव जैन और कविता जैन को मानने में कामयाब हो गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजीव जैन और कविता जैन हमारे कर्मठ कार्यकर्ता है और दोनों की हमारी पार्टी को जरूरत है। अब राजीव जैन चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में बीजेपी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और उनका मान सम्मान पार्टी में ऐसे ही बना रहेगा। अनिल विज के मुख्यमंत्री बनने वाले बयान पर नायब सिंह सैनी बोले कि अच्छा है बनना भी चाहिए। कांग्रेस के सांसद जय प्रकाश के बयान पर कहा कि उनके डीएनए में ही ऐसा है, उनके बयान से समाज में क्या जाएगा वो सोचते नहीं है।



# दुनिया के 176 विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है हिंदी भवन समिति की तरफ से 50 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक सम्मानित

## कवियों की रचनाओं पर चार घंटे से अधिक समय तक झूमते रहे श्रोता हिंदी दिवस पर हिंदी भवन में आयोजित हुआ सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
हिंदी भवन समिति की तरफ से लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं कवि सम्मेलन में 50 से अधिक होनहार विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों की रचनाओं पर श्रोता घण्टों झूमते रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष यादव थे। उन्होंने कहा कि हिंदी दुनिया भर में बोली जाती है। विशेष के कुल 176 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। जिनमें से अकेले 45 विश्वविद्यालय अमेरिका से हैं। समारोह की अध्यक्षता सांसद अतुल गर्ग ने की। उन्होंने हिंदी के मधावीं विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया। अतुल गर्ग ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए सरकार बहुत कुछ कर रही है। इस कार्य में आम जनमानस को भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मुख्य वक्ता फरुर्खाबाद से पधारे साहित्यकार एवं कवि डॉ शिवओम अंबर ने कहा कि हिंदी भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। देश के कई राज्यों में हिंदी बोली जाती है। खासतौर पर उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में हिंदी भाषा का इस्तेमाल ज्यादा किया जाता है। आम बोलचाल के लिए भी हिंदी सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाती है। वहीं, बात करें दुनिया की, तो मंडेरिन, स्पेनिश और अंग्रेजी भाषा के बाद हिंदी दुनिया में चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत के अलावा कई अन्य देश ऐसे हैं, जहां लोग हिंदी भाषा का इस्तेमाल करते हैं। इन देशों में नेपाल, मॉरीशस, फिजी, पाकिस्तान, सिंगापुर, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, बांग्लादेश शामिल हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर से पधारे प्रख्यात कवि डॉ सुरेश अवस्थी ने कहा कि 11वीं शताब्दी की शुरूआत में फारसी बोलने वाले लोगों ने सिंधु नदी के किनारे बोली जाने वाली भाषा को ह्यहिंदीह्न का नाम दिया था। हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार को इस बात का श्रेय जाता है कि 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हिंदी भाषा को अपनी भाषाओं में शामिल कर लिया है। यूएन के 1946 में प्रस्ताव में कहा गया है कि यूएन के उद्देश्य को तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता जब तक कि दुनिया के लोगों को इसकी जानकारी नहीं हो जाती। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पहली बार हिंदी भाषा से जुड़े भारत के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। भारत की ओर से ये प्रस्ताव लाया गया था। सम्मान समारोह के बाद हुए कवि सम्मेलन में विजेंद्र सिंह परवाज, डॉ प्रवीण शुक्ल, तेज नारायण बेचैन, दिनेश रघुवंशी, राज कौशिक और अंजू जैन के गीत, गजलों व हास्य रचनाओं पर श्रोता लगभग चार घंटे झूमते रहे। कवि सम्मेलन का संचालन डॉ प्रवीण शुक्ल और सम्मान समारोह का संचालन पूनम शर्मा ने किया। हिंदी भवन समिति के महासचिव सुभाष गर्ग एवं अन्य पदाधिकारियों ने रचनाकारों और अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि संतोष यादव एवं अन्य अतिथियां ने दीप जला कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश सिंह, इंजीनियर मानवेंद्र सिंह के साथ इंदिरापुरम के पार्षद ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।






संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
इंदिरापुरम की नर्सरी में हुई इस बैठक में हमने विशेष रूप से निम्न समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया: वार्ड 87 के पार्षद अनुज त्यागी जी ने अपने क्षेत्र की समस्या में प्रमुख रूप से गलत तरीके से न्याय खंड तीन के निवासियों का जीडीए द्वारा हक मारने के मुद्दे को उठाया गया। उन्होंने सचिव महोदय और चीफ इंजीनियर महोदय के साथ इंदिरापुरम शिक्षण संस्थान को लीज पर दिया जाने वाला पार्क के मुद्दे पर जनता की बात रखी और आग्रह किया कि यह लीज निरस्त ही किया जाना चाहिए। इसके साथ साथ पार्षद महोदय ने और भी समस्याएं उठाती जो की न सिर्फ वाले 87 बल्कि पूरे इंदिरापुरम के लिए समस्या बनी हुई है। नाली की सफाई: इंदिरापुरम में नियमित सफाई की कमी के कारण लाइन चोक का कारण बन रही है, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। पेड़ पौधों की ट्रीमिंग: उचित देखरेख के अभाव में पेड़-पौधे अनियंत्रित रूप से बढ़ रहे हैं, जो की निरंतर दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं है और इससे इंदिरापुरम की सुंदरता पर भी काफी असर पड़ रहा है। सड़क पर बिखरा हुआ कूड़ा: इंदिरापुरम में विभिन्न स्थानों पर कूड़ा बिखरा पड़ा है। इसके कारण लगातार गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बढ़ता हुआ अतिक्रमण: इंदिरापुरम के पूरे क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के कारण पब्लिक और ट्रैफिक मूवमेंट पार्किंग में समस्या हो रही है। इसके साथ ही पार्षद जी ने अवैध तरीके से मकानों के अवैध निर्माण बिना नक्शा पास करवाए मकान बनवाना, जो नक्शा पास हुआ है उसके जगह किसी अन्य नक्शे द्वारा मकान बनवाना है। इन सभी मुद्दों पर जीडीए के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि इन सभी के लिए जल्द से जल्द उचित कदम उठाए जाएंगे और समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि यह केवल आश्वासन तक सीमित रहता है या जीडीए द्वारा वास्तव में ठोस इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए इन कार्यों को किया जायेगा इस बैठक के परिणामस्वरूप, हमें नागरिकों के सहयोग की भी आवश्यकता होगी ताकि नागरिक प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर हमारे क्षेत्र को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर स्थान बना सकें।

## देव बनकर दानिश ने की युवती से दोस्ती, एक साल तक बनाता रहा हवस का शिकार ऐसे खुला राज



संस्कार उजाला
**माधव कुमार संवाददाता**
गाजियाबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां एक युवक ने अपना धर्म छिपाकर एक युवती से दोस्ती की और फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ एक साल तक दुष्कर्म करता रहा। आरोपी युवती को मंदिर में पूजा करने भी ले जाता था जिससे उसे उसके धर्म पर शक नहीं हुआ। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने धर्म छिपाकर युवती से दोस्ती की। शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किराये कमरे में एक वर्ष तक उसके साथ रहा। वह युवती के साथ मंदिर में पूजा करने भी जाता था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हापुड़ की युवती ने पुलिस को बताया कि वह साहिबाबाद में मार्केटिंग की नौकरी करती है। डेढ़ वर्ष पहले वह ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने गई थी। इस दौरान उसकी एक युवक से मुलाकात हुई। युवक ने अपना नाम देव बताया। उसने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। उसकी युवक से फोन पर बात होने लगी और दोस्ती हो गई।

## हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस द्वारा कलेक्शन ऑफिसर



संस्कार उजाला
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस द्वारा कलेक्शन ऑफिसर बख़्शीश कुमार र/ड तेज पाल सिंह को कलेक्शन ऑफिसर के पद दिनांक 08/07/2024 को पद मुक्त कर दिया है अब बख़्शीश कुमार हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में कार्यरथ नहीं है इन्हें कोई भी कस्टमर अपने लोन संबंधित ई॰एम॰आई (किश्त) ना दे ।यदि कोई भी कस्टमर जिसका लोन हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से चल रहा है यदि वह किश्त (ई॰एम॰आई) बख़्शीश कुमार को देता है तो उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं कस्टमर की होगी । हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगी ।

## गाजियाबाद सत्यपाल चौधरी धन्नासेठों की तिजोरी में कैद हो गई है गाजियाबाद की राजनीति गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वँचित करने की साजिश रच रहे हैं शिक्षा माफिया



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
शहर की राजनीति पर धन्ना सेठों का कब्जा हो गया है, धन्नासेठों ने राजनीति को अपनी तिजोरी में कैद कर लिया है यही वजह है कि गरीबों, दलितों और मुसलमानों कि बस्तियों को नागरिक सुविधाओं से वँचित होना पड़ रहा है और नगर निगम और जी डी ए भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं. भाजपा सरकार जान पूछकर शिक्षा माफियाओ को खुली छूट दे रही है, स्कूलों ने फीस इतनी महंगी कर दी है कि गरीबों के बच्चे शिक्षा से वँचित होने के कगार पर हैं. सेवा नगर में एक नुककड़ मीटिंग को सम्बोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के उप चुनाव के प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी ने ये बात कहीं. उन्होंने कहा कि गाजियाबाद का उप चुनाव उनकी पार्टी के लिए एक आंदोलन है. ये आंदोलन किसान मजदूर के बेटे को राजनितिक ताकत देकर गाजियाबाद की राजनीति को धन्ना सेठों की तिजोरी में कैद हो गई राजनीति को आजाद कराएगा. बड़े बड़े व्यापारी एम. पी., एम. एल. ए., मेयर, एम एल सी और राज्यसभा के पदों पर काबिज हो गए हैं, जिन्हे गरीबों और मध्यम वर्ग की दुख तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है बल्कि वे शिक्षा को व्यापार बनाने और जमीनो पर कब्जे करने में लगे हैं. चौधरी ने कहा कि हमने 25 साल से गाजियाबाद में गरीबों, दलितों और मुसलमानो के हक अधिकार के लिए संघर्ष किया है. उप चुनाव के माध्यम से जो ताकत मिलेगी उसका इस्तेमाल गाजियाबाद की राजनीति को तिजोरी से आजादी दिलाकर आम आवाम के लिए उपलब्ध कराना ही मकसद होगा. उन्होंने कहा कि पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चन्द्र शेखर आजाद जिस तरह शिक्षा और आम जन के मुद्दों को लोकसभा में उठा रहे हैं उसी तरह लखनऊ की विधानसभा में भी आम जन की दिक्कतों पर आवाज बुलंद होगी. उन्होंने कहा कि वे गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई की लड़ाई लड़ रहें हैं, हम जो कुछ कमाते हैं सारी कमाई प्राइवेट स्कूल लूट लेते हैं इस लूट को बंद करके आपके बच्चों को समान शिक्षा दिलाना ही हमारा मकसद है. भाजपा सरकार सरकारी स्कूलों को बर्बाद करके गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से वँचित करने का षड्यंत्र रच रही है, हम इसे रोकेंगे. इस मौके पर प्रदेश महासचिव अर्चना गौतम, प्रदेश सचिव कपिल आजाद, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष एड. संजीव कुमार, मॅडल महासचिव कमल सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, राहुल, एन डी खान, मंडल संगठन मंत्री धर्मवीर सिंह, रगघू भाई ने भी मीटिंग में विचार रखे.

## अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा ने पूर्व अध्यक्ष महेश दत्त शर्मा का जन्मदिन ब्रहम एकता दिवस के रूप में मनाया

### महेश दत्त शर्मा ने अपना जीवन ब्राहमण समाज को समर्पित कर दिया था जे के गौड़



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा की जिला व महानगर शाखा द्वारा संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश दत्त शर्मा का जन्मदिन रविवार को ब्रहम एकता दिवस के रूप में मनाया गया। जन्मदिन का आयोजन संस्था के मुख्य पंजीकरण कार्यालय में किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने पं. महेश दत्त शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके साथ बिताए क्षणों को याद किया। संस्था के मुख्य संरक्षक जे के गौड़ ने कहा कि. महेश दत्त शर्मा ने अपना जीवन ब्राहमण समाज के लिए अर्पित कर दिया था। उन्होंने समाज को एकजुट कर उसे मजबूत बनाने का कार्य किया। संस्था के मीडिया प्रभारी धीरज भार्गव ने बताया कि महेश दत्त शर्मा के नेतृत्व में ही संस्था की शाखाएं देश भर में खुलीं। देश से बाहर नेपाल, सूरीनाम समेत अनेक देशों में भी अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा की शाखाओं का गठन किया गया। इसी कारण उनका जन्मदिन ब्रहम एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।जयनंद शर्मा, हरिओम शर्मा, अमरदत्त शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुभाष शर्मा, अशोक शर्मा, अतर सिंह शर्मा, संदीप शर्मा, गौरव शर्मा, अमित भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा, रामकुमार शर्मा, राजू पंडित, शशिकांत भारद्वाज, नरेश पाल कौशिक, . योगेंद्र शर्मा, विनोद हितेषी, दिनेश भारद्वाज, विजेंद्र शर्मा, आरएन पांडे, नितिन शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त डायरी

## गाजियाबाद डीजेजेएस संरक्षण द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।




संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प ₹संरक्षण₹ के अंतर्गत 15 सितम्बर , 2024 को उ -3 पटेल नगर कब्लि स्थित, गाजियाबाद शाखा ने पर्यावरण संरक्षण हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। Reduce, Reuse and Recycle: Our Planet's Lifecycle विषय पर केंद्रित इस पहल में विभिन्न गतिविधियों और व्यावहारिक समाधानों के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं को किस प्रकार पुन: प्रयोग में लाएं, इसके विषय में विविध गतिविधियों द्वारा समझाया गया। ऐसी अनेकानेक कलाकृतियां भी बनाकर दिखाई गई जिनका प्रयोग कर हम अपने जीवन में प्लास्टिक की जगह पर्यावरण अनुकूल संसाधनों को स्थान दे सकें, जैसे - पेपर बैग, डेकोरेशन का सामान, टी-शर्ट बैग इत्यादि। आगामी पीढ़ी ने भी इसमें सहभागिता दिखाते हुए अपने छोटे- छोटे प्रयासों के माध्यम से एक नवीन पहल की। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस प्रकल्प के माध्यम से लोगों को प्रकृति के संसाधनों का सदुपयोग करने की शिक्षा प्रदान की गई तथा ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान-साधना के माध्यम से विवेकपूर्ण निर्णय लेने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। अनेकानेक लोगों ने इस सकारात्मक प्रेरणा को प्राप्त कर उत्साहपूर्वक अपना सहयोग अर्पित करने की अभिलाषा व्यक्त की।

## ब्रेकिंग न्यूज उत्तर प्रदेश CM योगी ने फील्ड के अफसरों को दिशा निर्देश जारी किये



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** जन शिकायतों के निस्तारण में देरी पड़ेगी भारी, मिथ्या रिपोर्ट लगाई तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तय जिलाधिकारी तहसीलों की, मंडलायुक्त जिलों की व्यवस्था की करें समीक्षा, आम आदमी के आवेदन लंबित क्यों, तय करें जवाबदेही शासन स्तर पर हर दिन हर जिले की हो रही समीक्षा, हर अधिकारी की गतिविधि की हो रही सीधी निगरानी माताओं-बहनों-बेटियों की सुरक्षा से समझौता स्वीकार नहीं, लव जिहाद, ईव टीजिंग और चेन स्नेचिंग हुई तो बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की तय होगी जवाबदेही हर्ष उल्लास के साथ मने पर्व-त्योहार, आम जन की सुरक्षा और सुविधा के हों पुख्ता इंतजाम माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ कठोरता से निपटे पुलिस सड़क यातयात के लिए है, अवैध बस, टैक्सी स्टैंड और पार्किंग स्टैंड चलाने वालों के खिलाफ तेज करें कार्रवाई प्रभारी मंत्रियों के साथ बनाये रखें संवाद-समन्वय, जिले की प्रगति से मंत्रियों को करें अपडेट मानव-वन्य जीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता दें, घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाएं सभी आवश्यक कदम.


## वंदे भारत मेट्रो का नाम बदला, अब Namo Bharat Rapid Rail कहलाएगी ये ट्रेन



संस्कार उजाला
केंद्र सरकार ने वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का नाम बदल दिया है। अहमदाबाद और भुज के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले ही इसका नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल कर दिया गया है। बता दें कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली वंदे भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी कल यानी मंगलवार 17 सितंबर को अपना जन्मदिन मनाएंगे। इस अवसर पर वह अपने जन्मदिन से एक दिन पहले ही गुजरात वासियों को देश की पहली नमो भारत रैपिड रेल की सौगात दे रहे हैं।

## अचानक से 10% मेंटेनेंस चार्ज बढ़ने पर लोग परेशान





संस्कार उजाला
**माधव कुमार संवाददाता**
**गाज़ियाबाद।** लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम सोसाइटी दुहाई में अचानक मेंटेनेंस विभाग से फरमान आया की 10% मेंटेनेंस चार्ज बढ़ गया है जिससे लोगों में काफी गुस्सा दिखाई दिया जब उनकी सुनवाई मेंटेनेंस विभाग में नहीं हुई तो उन्होंने माननीय सांसद अतुल गर्ग जी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया ,माननीय सांसद अतुल गर्ग जी से लैंड क्राफ्ट मेट्रो सोसाइटी से जुड़े मुद्दों पर लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम निवासियों के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की और सोसाइटी से जुड़े गंभीर मुद्दों से सांसद जी को अवगत कराया माननीय सांसद जी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और हल करने का आश्वासन दिया। दरअसल राज नगर एक्सटेंशन जैसी सोसाइटी में₹2 प्रति वर्ग मीटर मेंटेनेंस चार्ज लिया जाता है जबकि यह सोसाइटी मोदीनगर तहसील में आती है और इसका चार्ज अचानक ₹3 प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया और लैंडक्राफ्ट् मेट्रोहोम्स एक अफोर्डेबल सोसाइटी है जिसमे स्विमिंग पूल, आउटडोर स्पोर्ट्स कोर्ट आदि की भी सुविधा नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011